हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

RNI NO - CTHIN/25/A0716

# मूक पत्रिका

निष्पक्ष, निर्भीक, स्वतंत्र आवाज...

वर्ष - 01 | अंक - 312 | बेमेतरा, रविवार 29 जून 2025 | रायपुर एवं बेमेतरा से प्रकाशित | कुल पेज - 8 | मूल्य - 5 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### बवाना में फैक्ट्री में लगी भीषण आग, मौके पर दमकल की 22 गाड़ियां

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के बाहरी उत्तरी इलाके बवाना के सेक्टर 4 स्थित एक फैक्ट्री में तड़के भीषण आग लग गई। घटना की जानकारी मिलते ही दमकल विभाग ने तत्परता दिखाते हुए 22 फायर टेंडर मौके पर भेजे। करीब 110 दमकलकर्मी आग पर काबू पाने की कोशिश में जुटे रहे। जानकारी के मुताबिक अभी भी आग पर पूरी तहर से काबू नहीं पाया गया है। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि आग की सूचना सुबह 4ः15 बजे कंट्रोल रूम को मिली थी, जिसके बाद तुरंत कार्रवाई की गई। हालांकि आग पर काफी हद तक काबू पा लिया गया है, लेकिन पूरी तरह बुझाने में अभी समय लग सकता है। गनीमत रही कि इस हादसे में अब तक किसी के घायल होने या हताहत होने की खबर नहीं है। आग के कारण आसमान में काले धुएं का गुबार फैल गया, जिसकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं।

### गैंगस्टर भगवानपुरिया की मां और बॉडी गार्ड की गोलियां मारकर हत्या


**गुरदासपुर।** पंजाब के अपराध जगत में एक बार फिर खूनी गैंगवार का खौफनाक चेहरा सामने आया है। गुरदासपुर जिले के बटाला में कुख्यात गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया की मां हरजीत कौर (52) और उसके बॉडीगार्ड करणवीर सिंह (29) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह सनसनीखेज वारदात गुरुवार देर रात को हुई, जब दोनों कार में कहीं जा रहे थे। बाइक सवार हमलावरों ने अचानक उनकी कार पर अंधाधुंध गोलियां बरसाईं। करणवीर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि हरजीत कौर को छह गोलियां लगीं। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हमले का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसे पुलिस ने जांच में शामिल कर लिया है। पुलिस के अनुसार, शुरुआती जांच में हमले का टारगेट करणवीर सिंह था, जो कथित रूप से गैंगस्टर जग्गू के अवैध कार्यों को संभालता था।

पीएम मोदी आईएसएस पर गए शुभांशु से बोले

## आपकी यात्रा नएयुग का शुभारंभ, देश की भावनाएं आपके साथ

नई दिल्ली। एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से बात की, जो इन दिनों नासा के एक्सिओम 4 मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र (आईएसएस) की यात्रा पर हैं। शुभांशु शुक्ला बुधवार को ऐतिहासिक यात्रा पर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए रवाना हुए, जो 41 साल के अंतराल के बाद भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान में वापसी का प्रतीक है। प्रधानमंत्री मोदी ने ग्रुप कैप्टन शुभांशु से कहा, आप आज मातृभूमि से, भारत भूमि से सबसे दूर हैं, लेकिन भारतवासियों के दिलों के सबसे करीब हैं। आपके नाम में भी शुभ है और आपकी यात्रा नए युग का शुभ आरंभ भी है। इस समय बात हम दोनों कर रहे हैं, लेकिन मेरे साथ 140 भारतवासियों की भावनाएं भी हैं। मेरी आवाज में सभी भारतीयों का उत्साह और उमंग शामिल है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा, अंतरिक्ष में भारत का परचम लहराने के लिए मैं आपको हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। मैं ज्यादा समय नहीं ले रहा हूं, सबसे पहले तो ये बताइए कि वहां सब कुशल मंगल है, आपकी तबीयत ठीक है? जवाब में ग्रुप कैप्टन शुभांशु ने कहा, 'जी प्रधानमंत्री जी, आपका और 140 करोड़ देशवासियों की शुभकामनाएं के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं यहां बिल्कुल ठीक हूं, सुरक्षित हूं, आप सबके आशीर्वाद और प्यार की वजह से। बहुत अच्छा लग रहा है। यह बहुत नया अनुभव है। कहीं न कहीं बहुत सारी चीजें ऐसी हो



रही हैं, जो दर्शाती हैं कि मैं और मेरे जैसे लोग देश में इस दिशा में जा रहे हैं।' उन्होंने आगे कहा, ये जो मेरी यात्रा है, ये पृथ्वी से ऑर्बिट की 400 किलोमीटर की छोटी सी यात्रा है, ये सिर्फ मेरी नहीं है, बल्कि मेरे देश की भी यात्रा है। ग्रुप कैप्टन शुभांशु ने आगे कहा, मैं जब छोटा था। मैं कभी सोच नहीं पाया कि मैं अंतरिक्ष यात्री बन पाऊंगा। लेकिन मुझे लगता है कि आपके नेतृत्व में आज का भारत ये मौका देता है और उन सपनों को भी साकार करने का मौका देता है। ये मेरे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। मैं बहुत गर्व महसूस कर रहा हूं कि मैं यहां अपने देश का प्रतिनिधित्व कर पा रहा हूं। इसके बाद प्रधानमंत्री ने कहा, 'शुभ, आप दूर अंतरिक्ष में हैं, जहां गुरुत्वाकर्षण बल न के बराबर है। पर हर भारतीय देख रहा है कि आप कितने डाउन टू अर्थ हैं। आप जो गाजर का हलवा ले गए, क्या उसे अपने साथियों को खिलाया?' ग्रुप कैप्टन शुभांशु ने जवाब में कहा, 'जी प्रधानमंत्री जी, ये कुछ चीजें मैं अपने देश की खाने की लेकर आया था, जैसे गाजर का हलवा, मूंगदाल का हलवा और आमरस। मैं चाहता था कि ये बाकी देशों से मेरे साथी हैं, वो भी इसका स्वाद लें। वो भी भारत की समृद्ध विरासत का अनुभव करें। हम सभी ने बैठकर साथ में इसका स्वाद लिया। सबको बहुत पसंद आया। प्रधानमंत्री ने पूछा, परिक्रमा करना भारत की सदियों पुरानी परंपरा है।

### पीएम से बोले शुभांशु, अंतरिक्ष से 16 बार धरती की परिक्रमा, 28 हजार किमी प्रतिघंटे की रफ्तार..

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला से पीएम मोदी ने बातचीत की है। इस दौरान शुभांशु शुक्ला ने प्रधानमंत्री मोदी को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र यानी आईएसएस पर अपने अनुभवों को साझा किया है प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान ग्रुप कैप्टन शुभांशु से कहा, आप आज मातृभूमि से, भारत भूमि से सबसे दूर हैं, लेकिन भारतवासियों के दिलों के सबसे करीब हैं। आपके नाम में भी शुभ है और आपकी यात्रा नए युग का शुभ आरंभ भी है। इस समय बात हम दोनों कर रहे हैं, लेकिन मेरे साथ 140 भारतवासियों की भावनाएं भी हैं। मेरी आवाज में सभी भारतीयों का उत्साह और उमंग शामिल है। इस दौरान ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने कहा, 'प्रधानमंत्री जी, आपकी और 140 करोड़ भारतीयों की शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद।

ऑपरेशन सिंदूर में निभाई थी अहम भूमिका

## आईपीएस अधिकारी पराग जैन होंगे नए रॉ प्रमुख.......

नई दिल्ली/ एजेंसी

केंद्र ने पंजाब कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी पराग जैन को रिसर्च एंड एनालिसिस विंग का नया प्रमुख नियुक्त किया है। वे रवि सिन्हा की जगह लेंगे। रवि सिन्हा का मौजूदा कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो रहा है। पराग जैन का कार्यकाल दो साल होगा। वे 1 जुलाई 2025 तक के निश्चित कार्यकाल के लिए यह पदभार ग्रहण करेंगे। पराग जैन वर्तमान में एविएशन रिसर्च सेंटर का नेतृत्व कर रहे हैं, जिसने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तानी सशस्त्र बलों और



आतंकी शिविरों के ठिकानों के बारे में खुफ्यिा जानकारी एकत्र करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। खुफ्यिा हलकों में 'सुपर जासूस' के तौर पर जाने जाने वाले पराग जैन मानव खुफ्यिा को तकनीकी खुफ्यिा (ज्ञश्वष्ट।ढ्ढहज्ञ) के साथ प्रभावी ढंग से संयोजित करने के लिए जाने जाते हैं। अधिकारियों का कहना है कि यह खासियत कई अहम ऑपरेशनों में अहम रही है। पंजाब में जब आतंकवादियों ने दहशत मचा रखी थी, पराग जैन ने तब भटिंडा, मानसा, होशियारपुर में ऑपरेशनल भूमिका निभाई। इससे पहले वे चंडीगढ़ के एसएसपी और लुधियाना के डीआईजी रह चुके हैं। उन्होंने रॉ में पाकिस्तान डेस्क संभाली है। उन्होंने अनुच्छेद 370 हटाए जाने और ऑपरेशन बालाकोट के दौरान जम्मू-कश्मीर में भी काम किया है। पराग जैन काफी विनम्र अधिकारी कहे जाते हैं।

### अमरनाथ यात्रा पर मंडरा रहा आतंकी हमले का खतरा

**उधमपुर।** जम्मू-कश्मीर के जिला उधमपुर के दूरदराज व पहाड़ी क्षेत्र बसंतगढ़ के घने जंगलों में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को मार गिराया, जो समूह का सरगना बताया जा रहा है, जबकि तीन आतंकी अभी भी घेरे में हैं। मारे गए आतंकी और उसके साथियों के पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) से जुड़े होने की पुष्टि हुई है। इन आतंकियों के पास अत्याधुनिक एम-4 कार्बाइन जैसे हथियार हैं। मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबलों ने पूरे क्षेत्र को घेर लिया है और ऑपरेशन अभी भी जारी है। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, ऑपरेशन को 'ऑपरेशन बिहाली' नाम दिया गया है।

भाजपा ने मांगा ममता बनर्जी का इस्तीफा

## भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने बनाई चार सदस्यीय जांच समिति..

नई दिल्ली/ एजेंसी

कोलकता रेप केस मामले को लेकर सियासत तेज होती दिखाई दे रही है। भाजपा लगातार ममता बनर्जी की सरकार पर हमलावर है। वहीं, भाजपा ने अपराध स्थल का दौरा करने, जांच करने और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा को अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए चार सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। समिति के सदस्य पूर्व केंद्रीय मंत्री सतपाल सिंह, मीनाक्षी लेखी और सांसद बिप्लब देब और मनन मिश्रा हैं। वहीं, दूसरी ओर भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कहा कि



जिस राज्य में महिला मुख्यमंत्री हो, वहां महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता होनी चाहिए, लेकिन इतनी असंवेदनशीलता और क्रूरता क्यों है? पीड़िता ने खुद बयान जारी किया है। अगर इसे ध्यान से पढ़ें तो एक बात साफ हो जाती है कि गैंगरेप का ये पूरा दुष्चक्र कहीं न कहीं राज्य प्रायोजित है। ये राजनीतिक दृष्टिकोण से प्रेरित एक क्रूर कृत्य है। मैं ऐसा क्यों कह रहा हूं? क्योंकि ये एक कॉलेज यूनियन से जुड़ा है, जिसका मुख्य आरोपी मनोज मिश्रा है। मनोज मिश्रा खुद टीएमसी की छात्र शाखा के सचिव रह चुके हैं। वो टीएमसी के सदस्य हैं। संबित पात्रा ने कहा कि भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक कमेटी बनाई है, वह कमेटी मौके पर जाकर जांच करेगी। इसके सदस्य पूर्व केंद्रीय मंत्री सतपाल सिंह, मीनाक्षी लेखी और सांसद बिप्लब देब और मनन मिश्रा हैं।

अगर हिंदी किसी भाषा की दुश्मन नहीं है

## तो तमिल भी किसी भाषा की दुश्मन नहीं-कनिमोझी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में कहा कि हिंदी किसी भाषा की दुश्मन नहीं है, जिसके बाद भाषा पर बहस तेज हो गई है। डीएमके सांसद कनिमोझी ने शनिवार को पलटवार करते हुए कहा कि तमिल भी दुश्मन नहीं है। उन्होंने उत्तर भारत के लोगों से तमिल भाषा सीखने का आग्रह किया। शाह ने हाल ही में कहा था कि हिंदी किसी भारतीय भाषा की विरोधी नहीं है, बल्कि सभी की मित्र है और देश में किसी भी भाषा का विरोध नहीं होना चाहिए। अगर हिंदी किसी भाषा की दुश्मन नहीं है, तो तमिल भी किसी भाषा की दुश्मन नहीं है। उन्हें तमिल सीखनी चाहिए।



उत्तर भारत के लोगों को कम से कम एक दक्षिण भारतीय भाषा सीखनी चाहिए। यही सच्ची राष्ट्रीय एकता है।डीएमके नेता ने जोर देकर कहा कि हम किसी के दुश्मन नहीं हैं। हम सभी के दोस्त हैं। हमारी भाषा भी सीखें। हालांकि, उन्होंने अपनी टिप्पणी में शाह का नाम नहीं लिया।

### सीएम के काफिले की 19 गाड़ियों में डीजल की जगह भर दिया पानी


**भोपाल।** मध्य प्रदेश के रतलाम जिले में 'एमपी राइज 2025' रीजनल कॉन्क्लेव में शामिल होने आ रहे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के काफिले की गाड़ियों में डीजल की जगह पानी भरे जाने का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। ढोसी गांव स्थित भारत पेट्रोलियम के 'शक्ति फ्यूल्स' पेट्रोल पंप पर घटी। इंदौर से सीएम काफिले के लिए बुलाई गईं करीब 19 इनोवा गाड़ियां जब डीजल भरवाने के लिए इस पेट्रोल पंप पर पहुंचीं, तो वहां से ईंधन भरने के कुछ ही देर बाद वे एक-एक कर बंद हो गईं। वाहन चालकों ने तत्काल पेट्रोल पंप पर शिकायत की और प्रशासन को सूचित किया।

सुसाइड नोट में खुद को बताया निर्दोष

## रिटायरमेंट से पांच दिन पहले बिलासपुर के निलंबित पटवारी सुरेश मिश्रा ने दी जान....

बिलासपुर/ संवाददाता

भारतमाला परियोजना में गड़बड़ी के आरोप में निलंबित पटवारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फिलहाल पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस को मौके से सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमे उन्होंने खुद को निर्दोष बताया है। जानकारी के मुताबिक, बिलासपुर के निलंबित पटवारी सुरेश मिश्रा ने सकरी थाना क्षेत्र स्थित जोकी गांव में अपनी बहन के फार्म हाउस में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को मौके से सुसाइड नोट भी मिला है जिसमें उन्होंने खुद को निर्दोष बताया है और कोटवार एवं एक अन्य व्यक्ति पर फंसाने का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है की भारतमाला परियोजना के अंतर्गत बिलासपुर उरगा राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए भूमि के अधिग्रहण में फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाने के मामले में आरोप लगा था। जांच के बाद सुरेश मिश्रा को 25 जून को निलंबित किया गया था। इसपर तोरवा थाने में एफआईआर दर्ज की गई। जांच के दौरान ढेका गांव के



कुछ भूमि मालिकों के नाम फर्जी तरीके से राजस्व रिकॉर्ड में जोड़कर गलत मुआवजा प्रकरण तैयार करने की आरोप लगा था। एफआईआर दर्ज होने के बाद सुरेश मिश्रा मानसिक तनाव में थे जो 30 जून को रिटायर्ड होने वाले थे। फिलहाल सुसाइड नोट और मामले की जांच के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा होगा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच शुरू कर दी है ।मामले में एडिशनल एसपी सिटी राजेन्द्र जायसवाल ने जानकारी दी है कि थाना सकरी के ग्राम जोकि में सुरेश कुमार मिश्रा पिता पंचराम मिश्रा उम्र 62 वर्ष निवासी अयोध्या नगर रिंग रोड 2 बिलासपुर द्वारा अपनी बहन के फार्म हाउस में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई है। दो सुसाइड नोट मिले हैं। जांच की जा रही है।

तालिबान ने घेरा पूरा पाकिस्तान!

## पाकिस्तान सेना के काफिले पर हमला 13 जवानों की मौत,29 घायल;शहबाह शरीफ ने बुलाई आपात बैठक

नई दिल्ली/ एजेंसी

जिस तालिबान के खूंखार लड़ाकों के सामने पाकिस्तान के फौजियों की टांगे कांपने लगती है। जिस तालिबान के लड़ाके एक बार कसम खाते हैं तो मरकर भी बदले की कसम को निभाते हैं। उस तालिबान ने पाकिस्तान ने आर पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। तालिबान सेना ने डूरांड लाइन पर हजारों सैनिक टैंक बख्तरबंद वाहनों और खतरनाक हथियारों के साथ हमला बोला। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बॉर्डर पर खतरनाक जंग छिड़ चुकी है। तालिबान युद्ध का आदी है, लेकिन पाकिस्तान में इस खबर के बाद हड़कंप मच गया है। वहीं अब खबर है कि उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में आत्मघाती बम विस्फोट में कम से कम 13 सैनिक मारे गए है। जानकारी के अनुसार, यह हमला खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हुआ, जो अफगानिस्तान की सीमा के पास स्थित है। एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन को सैन्य काफिले में घुसा दिया। इस विस्फोट में 13 सैनिक मारे गए, 10 सैन्यकर्मी और 19 नागरिक घायल हो गए। विस्फोट से आस-पास के घरों को भी नुकसान पहुंचा है। खैबर पख्तूनख्वा में तैनात एक पुलिस अधिकारी ने एएफपी को



बताया कि विस्फोट के कारण दो घरों की छतें भी गिर गईं, जिससे छह बच्चे घायल हो गए। अभी तक किसी भी समूह ने इसकी जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन क्षेत्र में अक्सर अशांति और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) द्वारा हमले होते रहे हैं। यह आत्मघाती हमला ऐसे समय में हुआ है जब पाकिस्तान में आतंकवादी हमलों में वृद्धि हुई है, खासकर खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान क्षेत्रों में। इस साल मार्च में, पाकिस्तानी सेना ने दावा किया था कि उसने टीटीपी से जुड़े संदिग्ध 10 आतंकवादियों को मार गिराया है, जब एक आत्मघाती हमलावर ने दक्षिणी वजीरिस्तान में जंडोला चेकपॉइंट के पास फ्रंटियर कॉर्प्स कैंप को निशाना बनाया था। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के आतंकवादियों ने मार्च में गुडलार और पीरू कुनरी के पास जाफर एक्सप्रेस पैसेंजर ट्रेन पर हमला किया, जिसमें 21 यात्री और चार अर्धसैनिक बल के जवान मारे गए।

मंत्री नितेश राणे की बढ़ी मुश्किलें

## मुंबई की अदालत ने जारी किया गैर-जमानती वारंट

**मुंबई।** मुंबई की एक मजिस्ट्रेट अदालत ने गुरुवार को महाराष्ट्र के बंदरगाह विकास मंत्री नितेश राणे के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया। यह वारंट उनके वकील द्वारा दायर छूट आवेदन को खारिज करने के बाद जारी किया गया। राणे अदालती कार्यवाही में अनुपस्थित थे और मामले में उनकी लगातार गैर-हाजिरी के कारण छूट याचिका को खारिज कर दिया गया। इससे पहले अदालत ने सुनवाई में शामिल न होने के कारण पिछले महीने राणे के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया था। 2 जून को, भाजपा



नेता ने उपस्थिति से स्थायी छूट की मांग करते हुए एक आवेदन दायर किया था, जिसे अदालत ने भी खारिज कर दिया था।यह पहली बार नहीं है जब राणे के खिलाफ इस मामले में वारंट जारी किया गया है, यह मामला शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत द्वारा दायर किया गया था।

# विकास की पटरी पर तेज गति से दौड़ेगा बस्तर : दक्ष वैद्य

## बस्तर के विकास की नई गाथा लिख रहे हैं मोदी और साय

### बस्तर में रेल कनेक्टविटी के विस्तार पर भाजपा युवा नेता दक्ष वैद्य ने जताई खुशी



**रायपुर /मूक पत्रिका**

भाजपा युवा नेता एवं हिन्द सेना समाजसेवी संगठन युवा ब्रिगेड राष्ट्रीय अध्यक्ष दक्ष वैद्य ने कहा है कि हमारी डबल इंजन वाली सरकार बस्तर को भी डबल स्पीड से विकास की पटरी पर दौड़ा रही है। जल्द ही बस्तर विकास के नए आयाम गढ़ने लगेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव और हमारे संवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बस्तर के विकास की नई गाथा लिख रहे हैं।

भाजपा युवा नेता दक्ष वैद्य ने यह बातें केंद्र और छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकारों के संयुक्त प्रयासों से बस्तर संभाग में रेल और सड़क मार्ग सुविधाओं के विस्तार को लेकर कही हैं। दक्ष वैद्य ने कहा है कि रावघाट-जगदलपुर रेल परियोजना की मंजूरी के बाद अब तेलंगाना के कोठागुडेम से बस्तर के किरंदुल तक रेल लाइन प्रोजेक्ट के सर्वे की पूर्णता को डबल इंजन सरकार का बस्तर के हित में ऐतिहासिक कदम करार दिया है। दक्ष वैद्य ने कहा है कि डबल इंजन की भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ के विकास के लिए समर्पित भाव से काम कर रही है। राज्य के सबसे समृद्ध और आदिवासी बाहुल्य बस्तर संभाग को कांग्रेस की सरकारों ने हमेशा उपेक्षित रखा। नक्सली गतिविधियों के मामले में अति संवेदनशील माने जाने वाले बस्तर के सुदूर गांवों तक सड़क नेटवर्क का विस्तार हो चुका है,अब वहां नया रेल नेटवर्क भी आकार लेने लगा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और बस्तर के सांसद महेश कश्यप की ठोस पहल पर रावघाट- जगदलपुर रेल लाइन आकारले रही है। रावघाट से अंतागढ़ तक काम लगभग पूरा आदिवासियों को अपने वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया। भारतीय जनता पार्टी ने विष्णु देव साय के रूप में जब छत्तीसगढ़ को पहला आदिवासी मुख्यमंत्री दिया और आदिवासी अंचलों के भाग्य जाग उठे हैं। दक्ष वैद्य ने कहा कि साय सरकार के आने के बाद बस्तर, सरगुजा, जशपुर, मानपुर, मोहला जैसे सभी आदिवासी बाहुल्य इलाकों में शानदार पक्की सड़कों का जाल बिछ गया है। हो चुका है और रायपुर से दुर्ग, बालोद, दल्ली राजहरा होते हुए भानुप्रतापपुर के केंवटी तक यात्री ट्रेन भी चलने लगी है। इससे बस्तर के कांकेर जिले की बड़ी आबादी को आवागमन की बेहतर सुविधा मिल रही है। भाजपा युवा नेता दक्ष वैद्य ने बताया कि इसके अलावा रायपुर धमतरी से केशकाल, कोंडागांव,अंतागढ़ होते हुए जगदलपुर तक नई रेल लाइन के सर्वे को भी केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी है। तेलंगाना के कोठागुडेम से बस्तर के सुकमा,दंतेवाड़ा,बीजापुर जिलों से होते हुए दंतेवाड़ा जिले की खनिज नगरी किरंदुल तक सीधी रेल लाइन का सर्वे पूर्णता की ओर है। बस्तर संभाग के ये तीनों जिले अति नक्सल प्रभावित और आवागमन की सुविधा के मामले में अति पिछड़े रहे हैं,अब रेल कनेक्टविटी मिल जाने से ये जिले भी विकास के नए प्रतिमान गढ़ेंगे। दक्ष वैद्य ने बस्तर में रेल सुविधा के विस्तार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह,रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव,छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय,उप मुख्यमंत्रीद्वय अरुण साव एवं विजय शर्मा,वन मंत्री केदार कश्यप, बस्तर सांसद महेश कश्यप के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# सफलता की कहानी: ओंकार नाथ : एक नई शुरुआत की ओर

**बेमेतरा/मूक पत्रिका**

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत आयोजित शिविरों ने बेमेतरा जिले के सुदूर और पिछड़े गांवों में जनसेवाओं को नजदीक लाकर आमजन के जीवन में सार्थक परिवर्तन की दिशा तय की है। ऐसा ही एक प्रेरक उदाहरण है 7 विकासखंड साजा के ग्राम कोरवाय निवासी ओंकार नाथ का । ओंकार नाथ एक मेहनती और ईमानदार खेतिहर मजदूर हैं, जो लंबे समय से मनरेगा व अन्य निर्माण कार्यों में असंगठित क्षेत्र में श्रमिक के रूप में कार्य कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। लेकिन सरकारी योजनाओं की जानकारी के अभाव और आवश्यक दस्तावेजों की कमी के कारण वह अब तक किसी भी सामाजिक सुरक्षा योजना का लाभ नहीं ले पाए थे।*जब ग्राम कोरवाय में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत दो दिवसीय शिविर आयोजित किया गया, तब ओंकार नाथ



भी अपनी जिज्ञासा और उम्मीदों के साथ शिविर में पहुंचे। वहां उन्हें श्रम विभाग की टीम ने श्रमिक पंजीयन की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। दस्तावेजों की तत्काल जांच कर शिविर में ही उनका नवीन श्रम कार्ड बनाया गया। यह ओंकार नाथ के जीवन की दिशा बदलने वाला क्षण था। *नवीन श्रम कार्ड पंजीयन हुआ 7 मिलने के बाद अब को राज्य सरकार की श्रम कल्याण योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा। आगे भविष्य में जैसे कि ङ्क भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल की ओर से श्रमिक बच्चों के लिए छात्रवृत्ति, मुफ्त साइकिल, मातृत्व सहायता, औजार सहायता, पेंशन, और मकान निर्माण सहायता जैसी योजनाओं का लाभ वे उठा सकेंगे। इसके साथ ही, उन्होंने शिविर के दौरान आधार अपडेट, आयुष्मान भारत कार्ड, और बैंक खाता आधार से लिंक की प्रक्रिया भी पूरी की। *ओंकार नाथ कहते हैं, ÷पहले मुझे नहीं पता था कि मुझे सरकार से इतना कुछ मिल सकता है। अब मुझे उम्मीद है कि मेरे बच्चों की पढ़ाई और हमारे जीवन की कठिनाइयों में कुछ राहत जरूर मिलेगी। यह शिविर हमारे गांव के लिए वरदान साबित हुआ।÷उनकी यह सफलता न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि इस बात की मिसाल भी है कि जब सरकार की योजनाएं लोगों के द्वार तक पहुंचती हैं और सही मार्गदर्शन मिलता है, तो बदलाव संभव है।* *धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के इस सफल शिविर ने यह सिद्ध किया है कि सही समय, सही स्थान और संवेदनशील प्रयासों के माध्यम से सामाजिक समावेशन और सशक्तिकरण की दिशा में अभूतपूर्व परिवर्तन लाया जा सकता है। चुरावन सिंह की यह कहानी अब ग्राम कोरवाय में नई उम्मीदों और प्रेरणा की कहानी बन चुकी है।

# शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय घठोली में बच्चों ने पुस्तकालय का लिया आनंद

### स्कूल में उपलब्ध सुविधाओं का सामर्थ्य चैरिटेबल ट्रस्ट एवं एचडीएफसी बैंक परिवर्तन परियोजना के अधिकारी ने किया अवलोकन

**बेमेतरा/घठोली /मूक पत्रिका**

शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय घठोली में बीते शनिवार को ÷बैगलेस दिवस÷ के तहत बच्चों को पुस्तकालय से कविता, गीत और कहानियों की पुस्तकें पढ़ने के लिए दी गई। बच्चों ने उत्साहपूर्वक अपनी पसंदीदा पुस्तकें चयन कर पढ़ीं और उनके अर्थ को समझकर अभिव्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय में शाला अवलोकन हेतु सामर्थ्य चैरिटेबल ट्रस्ट एवं एचडीएफसी बैंक परिवर्तन परियोजना से इकबाल और अभिनेश ने शिरकत की। उन्होंने विद्यालय को प्रदाय की गई सुविधाओं जैसे कि ङ्क स्वच्छ जल के लिए वाटर फिल्टर, स्मार्ट क्लास के लिए प्रोजेक्टर, पुस्तकालय हेतु पुस्तकें एवं विज्ञान प्रयोगशाला की सामग्री के उपयोग की जानकारी ली। विद्यालय के प्रभारी प्रधानपाठक रूपेश साहू ने सभी उपलब्ध



संसाधनों के उपयोग की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय में कार्य की पारदर्शिता और सत्यता प्रमुख है। उन्होंने कहा, ÷हम जमीनी स्तर पर बच्चों की गुणवत्ता के प्रति सजग रहते हैं, यही कारण है कि पालकगण हमारे कार्यों की सराहना करते हैं।÷ साहू ने विद्यालय को और सहयोग देने की भी बात कही।कार्यक्रम में शिक्षिका साधना गंधर्व, विद्यालय के सफाई कर्मचारी एवं रसोईया भी उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया और बच्चों की पढ़ाई में निरंतर सहयोग की आशा जताई।

# जांजगीर थाना प्रभारी द्वारा पत्रकारों को नोटिस देना पड़ा भारी

## आईजी,गृह मंत्री से हुई थी शिकायतज्अब सरगुजा स्थानांतरण

**जांजगीर चांपा /मूक पत्रिका**

जांजगीर कोतवाली प्रभारी को पत्रकारों को नोटिस देना भारी पड़ा. पत्रकारों के स्वतंत्रता पर पाबंदी लगाने, खबर पर सवाल उठाने, एवं वर्दी का धौंस दिखाकर पत्रकारों को डराने धमकाने की शिकायत गृह मंत्री एवं आईजी से की गई थी. तब जाकर जांजगीर कोतवाली प्रभारी प्रवीण द्विवेदी का स्थानांतरण सरगुजा कर दिया गया। जांजगीर के कोतवाली प्रभारी लगातार सुर्खियों में थे. शहर चोरी,लूट की घटना लगातार बढ़ रही थी,उनके कार्यकाल में दर्जनों बड़ी आपराधिक घटनाएं हुई जिसका अभी तक ना तो खुलासा हो पाया, नहीं आरोपी अभी तक पकड़े गए. उनका कार्यकाल लगातार विवादित रहा. कार्रवाई




को लेकर उनके ऊपर कई आरोप लगते रहे. अपने गैर जिम्मेदाराना रैवये के चलते लगातार पत्रकार एवं जन प्रतिनिधियो उलझते रहे. जिसकी शिकायत एसपी, आई जी से लेकर गृह मंत्री तक किया गया था. कोतवाली में हाल ही में एक घटना सामने आई थी इसमें एक व्यक्ति ने कोतवाली के अंदर घुसकर खूब हंगामा, गाली गलौज किया था, चर्चा तो यह भी था कि कोतवाली प्रभारी के साथ धक्का मुक्की, मारपीट की घटना भी हुई थी. लेकिन उनके खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय उन्हें छोड़ दिया गया था . थाना प्रभारी द्वारा एसी घटना से इनकार करते रहे. जबकि आरोपी स्वयं मीडिया के सामने आकर घटना को कबूल करते हुए स्वीकार भी किया था. इसी खबर को लेकर जब पत्रकारों ने अपने जानकारी के आधार पर खबर प्रकाशित किया तब थाना प्रभारी ने अपने वर्दी का धौंस दिखाते हुए पत्रकारों का स्वतंत्रता का हनन करते मीडिया संस्थान के खिलाफ नोटिस दिया गया था. जिससे जन प्रतिनिधि एवं पत्रकार थाना प्रभारी की खिलाफ आक्रोश थे. और इसी आक्रोश के चलते इनकी शिकायत आई जी लेकर गृह मंत्री तक की गई थी, अब आई जी ने कोतवाली प्रभारी प्रवीण द्विवेदी का स्थानांतरण सरगुजा कर दिया है. स्थानांतरण के बाद शहारवासी से लेकर जनप्रतिनिधि सभी खुश नजर आ रहे हैं. अब नए कोतवाली प्रभारी के आने के बाद शहर की स्थिति एवं अपराधिक घटनाओं में सुधार आएगी।

# ईमानदारी, निष्ठा व लगन से मेहनत करें, सफलता जरूर मिलेगी - राजस्व मंत्री वर्मा

### नवप्रवेशी छात्रों का किया गया अभिनन्दन, गणवेश व पाठ्यपुस्तक बांटे

**बलौदाबाजार -/मूक पत्रिका**

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा शनिवार को विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय खजुरी में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर नवप्रवेशी छात्रों को तिलक लगाकर व मुंह मीठा कराकर अभिनन्दन किया गया। इसके साथ ही प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय के छात्रों को गणवेश व पाठ्यपुस्तक वितरित किया गया। मंत्री वर्मा ने शासकीय हाई स्कूल खजुरी के खेल मैदान समतलीकरण हेतु 2 लाख एवं स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु 35 हजार देने की घोषणा की। राजस्व मंत्री वर्मा ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का जीवन में विशेष महत्त्व है।ईमानदारी, निष्ठा व लगन से मेहनत करने पर सफलता जरूर मिलती है। इस स्कूल के विद्यार्थी मेहनती है। विगत वर्ष 10 वीं एवं 12 वीं का उत्कृष्ट परिणाम रहा।संसाधन व शिक्षकों की कमी रहते हुए भी बेहतर करने की कोशिश की है। उन्होने कहा कि सरकार गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारी सरकार ने 18 महीने में विकास की रफ्तार को बढ़ाई है। शिक्षा व्यस्था बेहतर करने तथा संतुलन हेतु युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया अपनाई गई। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में नई शिक्षा नीति की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

# एयर गन के साथ युवक पुलिस के हत्थे चढ़ा



**कांकेर /मूक पत्रिका**

कांकेर बीते 27 जून को सूचना प्राप्त हुई कि एक युवक मुजीब खान नामक व्यक्ति, शीतला पारा चौक में अवैध रूप से एयर गन रखे हुए है। सूचना की तस्दीक हेतु थाना कांकेर के स्टाफ को एक युवक एयर गन के साथ संदिग्ध अवस्था में पाया गया, जिसे पुलिस द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम मुजीब खान पिता अलीमुद्दीन खान, उम्र 19 वर्ष, निवासी मंझौली, तहसील सोहागपुर, थाना दिसपुर, जिला शहडोल (मध्यप्रदेश) बताया। पुलिस ने उक्त युवक के पास से एक एयर गन बरामद की, जिसे वह एक अंडा दुकान में रखे हुए था। मौके पर देहाती नालसी तैयार की गई और आरोपी को मौके पर गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कृत्य को भारतीय शस्त्र अधिनियम की धारा 25, 27 के अंतर्गत अपराध पाते हुए थाने लाकर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार किया। बीते शनिवार को आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। चूंकि अपराध अजमानतीय प्रकृति का है, अतः विधि अनुसार अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# पुलिस अधीक्षक ने जिले के राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना/चौकी प्रभारियों का अपराध समीक्षा हेतु आहूत किया बैठक

**जांजगीर चांपा /मूक पत्रिक**

जांजगीर चांपा - मीटिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा विजय कुमार पांडेय (आई पी एस)द्वारा थाना/चौकी प्रभारियों को बिन्दुवार आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। 1. अपराध समीक्षा मिटिंग के दौरान थाना/चौकी प्रभारियों को गंभीर अपराधों एवं महिला संबधी अपराधों के फरार आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर प्रकरण का निकाल करने हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया। 2. थाना में लंबित अपराध/चालान, शिकायत, मर्ग का त्वरित निराकरण कर निकाल करना सुनिश्चित् करें। 3. थाना चौकी क्षेत्र में यदि अवैध शराब/गांजा के बिक्री की सूचना मिलती है तो आरोपियों के विरूद्व त्वरित विधिसम्मत कार्यवाही करना सुनिश्चित् करें। 4. थाना/चौकी क्षेत्रों में शांति ब्यवस्था बनायें रखने हेतु अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक



कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। 5. थाना/चौकी प्रभारी अपने अपने क्षेत्रों में अधिक से अधिक रात्रि गस्त में ड्यूटी लगाना सुनिश्चित् करें। 6. अधिक से अधिक लंबित स्थायी/गिरफ्तारी वारंटो की तामीली हेतु हर संभव प्रयास कर तामिली/अदम तामिली की जानकारी से माननीय न्यायालय को अवगत कराना सुनिश्चित् करें। 7. थाना/चौकी क्षेत्र में निवासरत् पूर्व में चोरी/डकैती/लूट के प्रकरण में जो गिरफ्तार हुए हो, वर्तमान में जेल से रिहा हो चुके हो उनके ऊपर निगरानी रखे साथ ही उनसे समय-समय पर पूछताछ किया जावें। 8. अपराधिक/मर्ग प्रकरणों में अभी तक स्न्रस्रु रिपोर्ट प्राप्त नही हुआ है संबंधित रासायनिक विधि विज्ञान प्रयोग शाला को पत्राचार कर रिपोर्ट प्राप्त कर विधिसंमत निराकरण करने निर्देशित किया गया। 9. चोरी, लूट, डकैती नकबजनी एवं मारपीट, गुंडागर्दी में शामिल आरोपियों का नए निगरानी/गुंडा फाइल में नाम शामिल करे। 10. पुलिस के रिस्पॉन्स टाइम कम से कम करे (थाना/चौकी क्षेत्रांतर्गत यदि दुर्घटना होने की सूचना मिलती है तो तत्काल घटना स्थल पहुंचकर विधिसम्मत कार्यवाही करें।) 11. जिले में अवैध अप्रवासियों के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करते हुए, सतत निगाह रखी जावे। उपरोक्त मिटिंग में अति. पुलिस अधीक्षक जांजगीर उमेश कुमार कश्यप, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार, ष्ठस्क्क जितेंद्र खूंटे, ष्ठस्क्क श्रीमति कविता ठाकुर, स्ष्ठह्रक्क चाम्पा यदुमणि सिदार, ष्ठस्क्कमुख्यालय विजय पैकरा, स्ष्ठह्रक्कप्रदीप कुमार सोरी, रक्षित निरीक्षक प्रदीप कुमार जोशी एवं जिले के समस्त थाना/ चौकी प्रभारीगण उपस्थित रहे।

# नशामुक्त भारत अभियान की समीक्षा हुई विभाग व संस्थावार गतिविधियों की जानकारी लेकर सभी को दिलाई गई शपथ

**कांकेर /मूक पत्रिका**

भारत सरकार के सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय के निर्देश पर जिले में नशामुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत - विभिन्न विभागों, स्वयंसेवी संगठनों और संस्थाओं द्वारा नशे के खिलाफ - कई कार्यक्रम और गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अब तक हुए कार्यों की समीक्षा के लिए कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बैठक हुई। - बैठक की अध्यक्षता अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुमार कुर्रे ने की।बैठक में विभागवार और संस्थावार अब तक किए गए कार्यो की जानकारी - ली गई। अपर कलेक्टर ने कहा जिले को नशामुक्त बनाने के लिए सभी विभागों और संगठनों को मिलकर समन्वित प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा बच्चों को केंद्र में रखकर स्कूलों और कॉलेजों में नशे से होने वाले नुकसान और



जीवन पर उसके दुष्प्रभावों को लेकर कार्ययोजना तैयारबैठक में उपस्थित विभागीय अधिकारियों को नशा मुक्ति को लेकर दिलाई शपथ।की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि नशा उन्मूलन के लिए केवल सैद्धांतिक नहीं, ठोस और व्यावहारिक कार्य जरूरी हैं। अपर कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों में भी नशामुक्ति कार्यक्रम चलाकर लक्ष्य तय करने और अभियान के रूप में क्रियान्वयन पर जोर दिया। बैठक में संबंधित विभागों और संस्थाओं ने अब तक किए गए कार्यों और गतिविधियों की जानकारी दी। साथ ही लक्ष्य के अनुसार कार्यक्रमों की संख्या भी बताई। उप संचालक समाज कल्याण क्षमा शर्मा ने बताया सभी विभाग और संस्थाएं अच्छा कार्य कर रही हैं,लेकिन उसकी प्रविष्टि वेबसाइट पर नहीं हो रही है। उन्होंने सभी विभागों से अनुरोध किया कि वे अपनी गतिविधियों और और कार्यक्रमों की जानकारी आधिकारिक वेबसाइट पर दर्ज करें, ताकि पोर्टल पर वास्तविक आंकड़े दिख सकें। उन्होंने आगामी वार्षिक कार्ययोजना की जानकारी भी दी। बैठक के अंत में अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर अपर कलेक्टर ने सभी को नशा न करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का सामूहिक संकल्प दिलाया। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी और स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## जिले के 500 से अधिक शिक्षक प्रशिक्षण में सम्मिलित होंगे , राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक देंगे प्रशिक्षण

# प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के तत्वाधान में होगा शिक्षक प्रशिक्षण एवं प्रतिभा सम्मान

**बेमेतरा/मूक पत्रिका**

समाधान महाविद्यालय बेमेतरा में प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन जिला बेमेतरा की आवश्यक बैठक संपन्न हुई जिसमें आर टी ई पोर्टल के संबंध में महत्वपूर्ण प्रशिक्षण प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के सदस्य संचालकों एवं संचालक प्रतिनिधियों को दिया गया यह प्रशिक्षण संगठन के प्रदेश कार्यकारिणी के सहसचिव कृष्ण कुमार सोनी द्वारा प्रदान किया गया जो रॉयल पब्लिक स्कूल के संचालक हैं। इस अवसर पर महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर आरटीई पोर्टल और उसमें आ रही त्रुटि को सुधारने संबंधी प्रश्नोत्तरी भी किया गया द्य प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ अवधेश पटेल ने बताया कि संगठन की बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि आगामी जुलाई माह में 20 जुलाई, रविवार को एक दिवसीय महत्वपूर्ण प्रशिक्षण 500 से अधिक शिक्षकों को एलंस पब्लिक स्कूल बेमेतरा में संगठन के द्वारा प्रदान किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में बेमेतरा जिले के एसोसिएशन से जुड़े 500 से अधिक शिक्षक शिक्षिकाओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में मुख्य





प्रशिक्षक के रूप में दिल्ली मुनि इंटरनेशनल स्कूल के संचालक डॉक्टर अशोक ठाकुर जो एक इंटरनेशनल शिक्षाविद एवं लेखक हैं जिनके स्कूल को यूनेस्को ने वर्ल्ड स्टार के रैंकिंग में सातवां नंबर का अवार्ड प्रदान किया है जो देश में बजट स्कूल में सीबीएसई में पिछले 8 वर्षो से लगातार नंबर वन स्कूल बना हुआ है और जापान सरकार का एकमात्र भारत देश का पार्टनर स्कूल है आप संगठन के सदस्य शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे, एवं इनके अलावा मुकेश शाह, शिक्षाविद डायरेक्टर शिवाजी इंग्लिश मीडियम स्कूल, गोविंद मुदलियार, शिक्षाविद, डॉ अवधेश पटेल, नेशनल मेमोरी एंड माइंड पावर ट्रेनर, एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षाविदों से प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन में बेमेतरा जिले के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान भी संगठन के माध्यम से किया जाएगा एवं प्रत्येक स्कूल से एक बेस्ट टीचर का भी सम्मान प्रदान किया जाएगा। मीटिंग में समूचे बेमेतरा जिले के लगभग 30 से अधिक संचालक गण एवं उनके प्रतिनिधि सम्मिलित हुए जिसमें मुख्य रूप से इंडियन पब्लिक स्कूल से संगठन के सचिव रामकुमार भारती न्यू गुरुकुल स्कूल नवागढ़ के संचालक गजपाल सिंह खुराना, गुरुकुल स्कूल से राजेशधर दीवान, विवेकानंद पब्लिक स्कूल से जितेंद्र सिंह राजपूत, दीक्षा पब्लिक स्कूल से मालिक राम वर्मा, बाल संस्कार शिशु मंदिर बरगा से डॉक्टर रेवाराम पाल, स्वामी विवेकानंद गुरुकुल विद्यालय से दिलहरण कुमार साहू, जय हिंद पब्लिक स्कूल से विवेक तिवारी, समर्थ पब्लिक स्कूल खाती से नोहर साहू, गुरु कृपा पब्लिक स्कूल से श्रीमती श्रीपति साहू, ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल, बेमेतरा, सृजन पब्लिक स्कूल से राम सर, एवं माइंड्स आई इंटरनेशनल स्कूल, ललित विद्यालय नवागढ़, संस्कार पब्लिक स्कूल, सरस्वती ज्ञानदीप मंदिर वेदिता पब्लिक स्कूल, सूर्या पब्लिक स्कूल, गुरु कृपा पब्लिक स्कूल, रॉयल पब्लिक स्कूल, ज्ञानोदय विद्या निकेतन, सरस्वती ज्ञान मंदिर स्वामी विवेकानंद विद्यालय नवागढ़, आइडियल पब्लिक स्कूल, इंडियन पब्लिक स्कूल विभिन्न स्कूलों से संचालक गण एवं उनके प्रतिनिधि गण सम्मिलित हुए सभी ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए अपने-अपने विचार साझा किया एवं पाठ्य पुस्तक को अति शीघ्र प्रदान करने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी को एवं पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष को पत्र लिखने की सहमति बनी।

# स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बसदेई में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्रवेश उत्सव



**सुरजपुर /मूक पत्रिका**

जिसमें विधायक भूलन सिंह मरावी की अध्यक्षता में नव प्रवेशित छात्रों को तिलक लगाकर, मिष्ठान खिलाकर पुस्तक के साथ प्रवेश उत्सव मनाया गया । इस उपलक्ष्य पर विधायक प्रेमनगर भूलन सिंह मरावी, जनपद पंचायत अध्यक्ष संत सिंह, बाबूलाल गोयल , विजय कुमार रजवाड़े , भाजपा मंडल अध्यक्ष सूरजपुर श्रीमती योगेश्वरी लक्ष्मण रजवाड़े , जिला पंचायत सदस्य राजेश यादव , नगर पंचायत अध्यक्ष बिश्रामपुर के साथ सरपंच बसदेई , झांसी , उचडीह, विद्यालय के शाला प्रबंधन समिति के सदस्य विजेंद्र गोयल एवं विद्यालय के स्टाफ साथ ही पालक उपस्थित रहे।

# विकास के हर मोर्चे पर 'मोदी की गारंटी' को पूरा कर रहा छत्तीसगढ़ : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

## तपकरा को मिली नई पहचानः मुख्यमंत्री साय ने तहसील कार्यालय का किया शुभारंभ, नगर पंचायत का दर्जा देने की घोषणा



**रायपुर /मूक पत्रिका**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बीते शनिवार को जशपुर जिले के तपकरा में तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी कार्यालय का शुभारंभ किया। विदित हो कि 14 जनवरी को जशपुर जिले के प्रवास पर मुख्यमंत्री ने तपकरा को पूर्ण तहसील बनाने की घोषणा की थी। तहसील बनने से इसका लाभ 33 ग्रामों के किसानों, छात्रों और नागरिकों को मिलेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने तपकरा को नगर पंचायत बनाने, तपकरा स्थित खेल स्टेडियम के सौंदर्यीकरण के लिए 50 लाख रुपए स्वीकृत करने और फरसाबहार में विश्राम गृह निर्माण करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारी सरकार विकास के हर मोर्चे पर मोदी की गारंटी को तेजी से लागू कर रही है। सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख आवास स्वीकृत किए गए। महिलाओं को सशक्त बनाने महतारी वंदन योजना के माध्यम से 70 लाख महिलाओं को प्रति माह 1,000 रुपए दिए जा रहे हैं। तेंदूपत्ता संग्राहकों की आय में वृद्धि के लिए तेंदूपत्ता का समर्थन मूल्य प्रति मानक बोरा 5,500 रुपए किया गया है। गांव में ही बैंकिंग की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अटल डिजिटल सेवा केंद्र खोले जा रहे हैं।आगामी पंचायत दिवस पर सभी ग्राम पंचायतों में इसे शुरू करने की योजना है।मुख्यमंत्री ने कहा कि आम नागरिकों की सुविधा के लिए रजिस्ट्री में 10 नई क्रांतियों के तहत नवाचारों का बेहतर उपयोग कर पंजीयन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सरल, डिजिटल और नागरिक केंद्रित बनाया गया है। कार्यक्रम में कलेक्टर रोहित व्यास ने बताया कि यहां तहसील कार्यालय खुलने से किसानों, भूस्वामियों, छात्रों और नागरिकों को विशेष सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि एसडीएम फरसाबहार का लिंक कोर्ट भी आगामी सोमवार से प्रारंभ हो जाएगा।विधायक श्रीमती गोमती साय ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। आम नागरिकों की सुविधा के लिए राज्य सरकार पूर्ण समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव, भरत साय, रोहित साय, आईजी दीपक कुमार झा, पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह, तपकरा सरपंच श्रीमती सविता जायसवाल सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# निगम ने जोन 8 क्षेत्र में हीरापुर जरवाय में लगभग 60 एकड़ मे हो रही अवैध प्लॉटिंग में अभियान चलाकर तत्काल कारगर रोक लगायी

## अवैध प्लाटिंगकर्त्ता डेवलपर के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करने नामजद एफआईआर दर्ज करवाने कार्यवाही



**रायपुर/मूक पत्रिका**

जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार और रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त विश्वदीप के निर्देशानुसार रायपुर नगर पालिक निगम जोन 8 जोन कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल और कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता सहित रायपुर नगर निगम जोन 8 के नगर निवेश विभाग के अन्य सम्बंधित निगम अधिकारियों की उपस्थिति में बीते शनिवार को नगर निगम जोन 8 क्षेत्र अंतर्गत वीर सावरकर नगर वार्ड क्रमांक 1 हीरापुर जरवाय क्षेत्र अंतर्गत वाशु लॉजिस्टिक पार्क मेसर्स सी के डेवलपर्स प्रो स्वप्निल अग्रवाल पिता चंद्र कुमार अग्रवाल द्वारा बिना कॉलोनी विकास अनुज्ञा लिए तथा बिना नगर पालिक निगम रायपुर से कॉलोनी विकास अनुमति के लगभग 60 एकड़ भूमि में खसरा नंबर 2/24-39-45-46-66-74, 4/3, 5/2, 6/4, 7/4, 10/2-3-4, 12/1-3, 15/6-11, 16/2 पर अवैध प्लाटिंग की गयी थी, जिसे रायपुर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 8 की नगर निवेश विभाग की टीम ने जेसीबी ,पोकलेन मशीन की सहायता से स्थल पर किये गए अवैध सी सी रोड को तोड़ने की कार्यवाही की गयी एवं अवैध मुरूम रोड को काटा एवं एवं बिना अनुमति के निर्मित 10 बॉउंड्रीवाल सहित अवैध प्लॉटिंग कर बना रहे अवैध भवनो को हटाने की कार्यवाही की गयी गया। अवैध प्लॉटिंग करने वाले के विरुद्ध प्रक्रिया के अंतर्गत नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्यवाही करने सम्बंधित क्षेत्र के पुलिस थाना में नामजद एफआईआर दर्ज करने हेतु निर्देशानुसार पत्र लिखा गया है।

# शास. प्राथमिक शाला पेन्ड्री में हुआ शाला प्रवेशोत्सव

**बेमेतरा/मूक पत्रिका**




शासकीय प्राथमिक शाला पेन्ड्री विकास खँड बेमेतरा, व सँकुल केन्द्र कुसमी में हर्शोल्लास पूर्वक शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया । उपसरपंच प्रतिनिधि पवन बघेल मुख्यरूप से उपस्थित रहे,, शाला नवप्रवेशी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर व निःशुल्क पुस्तक व शाला गणवेश प्रदान कर अतिथियों व शाला के प्रधानाध्यापिका श्रीमति शत्रुपा बेनर्जी द्वारा सम्मानित किया गया । इसी दौरान श्रीमति पुष्पा लहरे सहायक शिक्षिका का प्रधानाध्यापिका पद पर पदोन्नति होने पर शालापरिवार द्वारा शाल श्रीफल व उपहार प्रदान कर ससम्मान सम्मानित कर बिदाई दी गई। व शाला में नवपदस्थ शिक्षिका कु. स्नेहलता साहू व श्रीमति हेमलता साहू का शाल श्रीफल प्रदान कर प्रधानाध्यापिका शत्रुपा बेनर्जी द्वारा अभिनन्दन किया गया, इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम सभी शिक्षक साथियों को शाला समयानुसार उपस्थित होकर मन लगाकर समर्पित भाव से बच्चों को गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा प्रदान करने कहा गया, शाला से बिदा प्राप्त शिक्षिका लहरे मैडम ने विद्यार्थियों को कापी पेन व शालापरिवार को शाल भेंट कर सम्मानित किया गया, व अपने नवीन पदस्थापना शाला के लिए प्रस्थान की। इस अवसर पर उपसरपंच,पँच विजय चक्रधारी,शाला प्रबँधन समिति अध्यक्ष श्याम कार्तिक गेन्ड्रे, सदस्य श्रीमति जानकी गर्ग, श्रीमति खिलेश्वरी मधुकर अशोक कुमार महिलाँगे , मितानीन रूखमणी, शिक्षिका मैडम साहू द्वय, तथा आँगनबाडी कार्यकर्ता सुश्री लक्ष्मी जोशी, सहायिका श्रीमति मुन्नी चक्रधारी, स्वच्छता कर्मचारी मनोज कुमार गर्ग, रसोइया केजहा कोशले, बसँती जाँगडे सहित विद्यार्थीगण व बडी सँख्या मे ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# शाला प्रवेश उत्सव में नव प्रवेशी बच्चों का हुआ आत्मीय स्वागत



**तेंदूभाठा/मूक पत्रिका**

शासकीय प्राथमिक शाला तेंदूभाठा संकुल केन्द्र बावामोहतारा विकासखंड एवं जिला बेमेतरा में बीते शनिवार को हर्षोल्लास के साथ शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत पिपरभट्ठा की सरपंच श्रीमती नंदिनी रूसियन बंजारे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। शाला समिति अध्यक्ष विजय बंजारे एवं शिक्षा विद सुखदेव वर्मा ने नव प्रवेशी बच्चों का पारंपरिक रूप से तिलक कर, मुंह मीठा कर स्वागत किया। बच्चों को विद्यालय से जोड़ने के उद्देश्य से सभी नव प्रवेशी विद्यार्थियों को कॉपी, शीश, पेन तथा चॉकलेट भी वितरित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक मनीष कुमार पाटिल, शिक्षक छगनलाल साहू, भगवती साहू, समिति सदस्य केसर निषाद, रूपसिंग यादव, प्रेमदास, सुशीला वर्मा, एवं सहोद्रा यादव सहित कई ग्रामीणजनों की उपस्थिति ने उत्सव को गरिमामय बना दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और बच्चों को विद्यालय से जोड़कर उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखना रहा।

# पद्मश्री डा. सुरेन्द्र दुबे को श्रद्धांजलि देते हुए शोक सभा एवं कवि गोष्ठी का आयोजन आज

**बेमेतरा/मूक पत्रिका**



बेमेतरा के माटी का लाल जो देश और दुनिया में अपनी कविताओं द्वारा लोहा मनवाने वाला हम सभी को हंसाने वाला हम सभी के गौरव अंतर्राष्ट्रीय हास्य व्यंग्य कवि पद्मश्री डा. सुरेन्द्र दुबे अब हमारे बीच नहीं रहे गत दिनों उनकी अकस्मात मृत्यु ने हम सभी को झकझोर कर दिया दुबे जी छत्तीसगढ़ के साथ साथ संपूर्ण भारत और विश्व के 14 देशों में भी अपनी कविताओं के माध्यम से बेमेतरा का नाम रोषन किये। इस हेतु आज 29 जून 2025 दिन रविवार को दोपहर 1 बजे गांधी भवन बेमेतरा में छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति बेमेतरा और आरूग चौरा के संयुक्त तत्वावधान में श्रद्धांजलि ,शोक सभा और कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया है जिसमें बेमेतरा जिला के समस्त कवि और साहित्यकारों के साथ साथ आम जन प्रतिनिधियों और समस्त नागरिकों को उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए निवेदित किया गया है।

# ईमानदारी, निष्ठा व लगन से मेहनत करें, सफलता जरूर मिलेगी - राजस्व मंत्री वर्मा

## नवप्रवेशी छात्रों का किया गया अभिनन्दन, गणवेश व पाठ्यपुस्तक बांटे





**बलौदाबाजार /मूक पत्रिका**

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा शनिवार को विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय खजुरी में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर नवप्रवेशी छात्रों को तिलक लगाकर व मुंह मीठा कराकर अभिनन्दन किया गया। इसके साथ ही प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय के छात्रों को गणवेश व पाठ्यपुस्तक वितरित किया गया। मंत्री वर्मा ने शासकीय हाई स्कूल खजुरी के खेल मैदान समतलीकरण हेतु 2 लाख एवं स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु 35 हजार देने की घोषणा की। राजस्व मंत्री वर्मा ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का जीवन में विशेष महत्त्व है।ईमानदारी, निष्ठा व लगन से मेहनत करने पर सफलता जरूर मिलती है। इस स्कूल के विद्यार्थी मेहनती है। विगत वर्ष 10 वीं एवं 12 वीं का उत्कृष्ट परिणाम रहा।संसाधन व शिक्षकों की कमी रहते हुए भी बेहतर करने की कोशिश की है। उन्होने कहा कि सरकार गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारी सरकार ने 18 महीने में विकास की रफ़्तार को बढ़ाई है। शिक्षा व्यस्था बेहतर करने तथा संतुलन हेतु युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया अपनाई गई। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में नई शिक्षा नीति की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल ने भी सम्बोधित किया।इस अवसर पर राजस्व मंत्री वर्मा ने स्कूल परिसर में पीपल के पौधे का रोपण किया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य चंद्रशेखर ध्रुव, स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, रविशंकर वर्मा सुनीता वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, डी ईओ, बीईओ, प्राचार्य, शिक्षक, ग्रामवासी एवं बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

# हत्या करने कि नियत से प्राण घातक हमला करने वाले फरार आरोपी को पकड़ने में थाना पामगढ़ पुलिस को मिली सफलता

**जांजगीर चांपा/मूक पत्रिका**



प्रकरण के पूर्व में एक महिला सहित 03 आरोपीयो को गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बांस का डंडा को किया गया है बरामद। आरोपी के विरूध्द धारा 296, 109 (1), 3(5) बी.एन.एस. के तहत कार्यवाही कर भेजा गया न्यायिक रिमांड पर। आरोपी का नाम विनोद कुमार यादव उम्र 38 साल निवासी बनाहिल थाना मुलमुला जिला जांजगीर चांपा। जानकारी के अनुसार दिनांक 06.06.2025 को सुबह आहत् बाली यादव व भाई नान्हू यादव दोनो बांधाखार खेत तरफ गये थे तभी आरोपियों द्वारा खेत के धान को काटने की बात को लेकर एक राय होकर अश्लील गाली गलीच देकर जान से मारने की नियत से टंगिया, रॉड, डण्डा से प्राण घातक हमला कर दिया जिसकी सूचना पाकर आहत् के परिजन खेत गये और इलाज के लिए आहतों को पामगढ़ अस्पताल ईलाज कराने लाये है कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपीयों के विरूद्ध थाना पामगढ़ में अप. क्र. 260/2025 धारा 296, 109(1), 3(5) बी.एन.एस. कायम कर विवेचना में लिया गया था। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय (ढ्ढक्क) के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप के कुशल मार्गदर्शन में त्वरित कार्यवाही करते हुए आहतो का डाक्टरी मुलाहिजा कराया गया जो गभीर चोंट होने से हायर सेंटर रिफर किये थे, विवेचना दौरान प्रकरण के आरोपीयों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर मेमोरंडम कथन लिया, जो घटना कारित करना स्वीकार करने से घटना में प्रयुक्त टंगीया, रॉड, एवं डण्डा को बरामद किया जाकर आरोपी 1. रामलखन यादव 2. भरत लाल यादव 3. किरन यादव साकिनान भैंसो थाना पामगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा जा चुका है। प्रकरण के आरोपी विनोद कुमार यादव जो घटना दिनांक से फरार चल रहा था जिसको मुखबिर सूचना से पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर बीते शनिवार को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## पुलिस परिवारों से आत्मीय भेंट की और बच्चों को चॉकलेट वितरित कर उनके चेहरों पर बिखेरी मुस्कान

# आईजीपी दुर्ग रेंज दुर्ग रामगोपाल गर्ग ने किया पौधारोपण - एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पुलिस कॉलोनी में गूंजा पर्यावरण संदेश

**बेमेतरा/मूक पत्रिका**





दुर्ग रेंज के पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग (भा.पु.से.) ने अपने वार्षिक निरीक्षण दौरे के बीते 27 जून 2025 को पुलिस परिवारों के साथ एक भावनात्मक और पर्यावरणीय पहल ÷एक पेड़ माँ के नाम÷के तहत पुलिस आवासीय कालोनी परिसर, बेमेतरा में पौधारोपण कर एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने फूल, फल और छायादार वृक्षों का रोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया। इस दौरान आईजीपी महोदय ने पुलिस परिवारों से आत्मीय भेंट की और बच्चों को चॉकलेट वितरित कर उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेरी। इस आत्मीय मुलाकात और पर्यावरणीय अभियान ने कार्यक्रम को एक भावनात्मक आयाम प्रदान किया। पुलिस परिवार आईजीपी दुर्ग रेंज दुर्ग को अपने पास पाकर बहुत खुश हुए।

**प्रकृति संरक्षण की दिशा में मजबूत संदेश** - आईजीपी रामगोपाल गर्ग ने कहा कि ÷वृक्ष केवल पर्यावरण का हिस्सा नहीं, बल्कि मानव जीवन के लिए संजीवनी हैं।÷ उन्होंने बताया कि वृक्ष कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर वातावरण में ऑक्सीजन का संचार करते हैं, जिससे पर्यावरण संतुलित और शुद्ध बना रहता है। उन्होंने वृक्षों से प्राप्त होने वाले फलों, छाया और औषधीय गुणों की महत्ता भी बताई और कहा कि पौधारोपण न केवल पुण्य का कार्य है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरित उपहार भी है।

**पुलिस परिसर होंगे हरित और आकर्षक** -आईजीपी रामगोपाल गर्ग ने सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को अपने-अपने परिसर को स्वच्छ, सुंदर और हरित बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस स्टेशनों में जब फरियादी आते हैं, तो एक साफ सुंदर और सकारात्मक वातावरण उन्हें मानसिक रूप से राहत प्रदान करता है। उन्होंने सजावटी, फूलदार, फलदार और छायादार पौधों के रोपण पर विशेष बल दिया।

**उनका यह संदेश केवल पर्यावरण के प्रति नहीं, बल्कि-** ÷स्वच्छ परिसर - सकारात्मक सोच÷ की अवधारणा को भी उजागर करता है। उन्होंने यह भी बताया कि हरित परिसर मानसिक तनाव को कम करने में सहायक होते हैं और कार्यक्षमता में भी वृद्धि करते हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला श्री विनय कुमार, डीएसपी श्रीमती संतोषी ग्रेस, रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो, निज सहायक श्रीनिवास राव, पीआरओ प्रशांत शुक्ला, सहित रक्षित केन्द्र, पुलिस आवासीय कलोनी के पुलिस परिवार जन, बच्चों की उपस्थिति रही। आईजीपी रामगोपाल गर्ग (ढ्ढक्क) ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे अपने परिसर और आवासीय क्षेत्रों में खाली पड़ी भूमि का उपयोग हरियाली बढ़ाने हेतु करें। उन्होंने इसे स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और मानसिक कल्याण से जोड़ते हुए सामूहिक भागीदारी की अपील की।

## संपादकीय

# इजराइल-ईरान युद्ध में क्या हुआ हासिल?

इजराइल-ईरान युद्ध के बीच अमेरिका के कूदने से दुनिया के सामने विकट स्थितियां पैदा हो गई हैं। ईरान ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि अगर अमेरिका ने इस जंग में दखल दिया, तो न केवल उसको, बल्कि पूरी दुनिया को इसके खतरनाक नतीजे भुगतने पड़ेंगे। यमन के हूती विद्रोहियों ने भी कह दिया था कि वे लाल सागर में हमले तेज कर देंगे। शुरू में अमेरिका की कोशिश थी कि किसी तरह यह युद्ध रुक जाए, पर अब उसने खुद इजराइल की तरफ से ईरान पर हमला कर दिया है। उसने अपने बंकरभेदी बमवर्षकों से ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर बम बरसाए। इससे ईरान ने जवाबी कार्रवाइयां करनी शुरू कर दी हैं। यह युद्ध क्या शक्ल अख्तियार करेगा, यह देखने की बात है। पर ईरान ने तत्काल होर्मुज जलडमरुमध्य को बंद करने का फैसला किया है, उसी से दुनिया के अनेक देशों के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है। इस जलडमरुमध्य के रास्ते दुनिया के करीब तीस फीसद कच्चे तेल का आयात होता है। जाहिर है, यह रास्ता बंद हो जाने से तेल के जहाजों को दूसरे लंबे रास्तों से होकर गुजरना पड़ेगा, जिसका असर कच्चे तेल की कीमत पर पड़ेगा। इससे महंगाई और बढ़ जाएगी। ईरान के इस फैसले से भारत की चिंता इसलिए भी बढ़ गई है कि यह अपनी ऊर्जा जरूरतों का करीब सत्तर फीसद तेल आयात करता है। इसके अलावा, होर्मुज जलडमरुमध्य के रास्ते पश्चिम एशियाई देशों के साथ बड़ी मात्रा में इसका आयात-निर्यात होता है। इन देशों के साथ भारत का निर्यात कुल 8.6 अरब डालर का और आयात 33.1 अरब डालर का होता है। इस रास्ते के बंद होने से इस व्यापार पर बहुत बुरा असर पड़ेगा। लाल सागर में हूती विद्रोहियों के हमले के चलते भारतीय व्यापारियों को पहले ही आयात-निर्यात में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, अमेरिकी हमले के विरोध में हूती हमलों में तेजी आई, तो यह संकट और गहरा हो जाएगा। भारत पहले ही अपना निर्यात बढ़ाने को लेकर चिंतित है। तमाम कोशिशों के बावजूद महंगाई पर काबू पाना चुनौती है। विनिर्माण क्षेत्र और देश के आठ प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र मंदी की मार झेल रहे हैं। ऐसे में अगर कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी होती है और मध्य पश्चिमी देशों के साथ व्यापार में अवरोध पैदा होता है, तो भारत की अर्थव्यवस्था को बड़ी चोट पहुंच सकती है। अमेरिकी हमले के बाद अभी दुनिया दम साधे इंतजार कर रही है कि ईरान इसका जवाब किस रूप में देता है। ईरान किसी भी रूप में झुकने को तैयार नहीं है। रूस सहित दुनिया के कई देशों ने ईरान पर अमेरिकी हमले की निंदा की है। खुद अमेरिका में इसे लेकर विरोध शुरू हो गया है, इसलिए कि राष्ट्रपति ट्रंप ने इस हमले में तय प्रक्रिया और नियम-कायदों का पालन नहीं किया। फिर यह भी कि अमेरिका या इजराइल के पास इस बात के पुख्ता सबूत नहीं हैं कि ईरान ने परमाणु हथियार बनाने की तैयारी में था। अमेरिका की खुफिया एजंसी ने भी साफ कह दिया था कि ईरान परमाणु हथियार नहीं बना रहा था। इस स्थिति में अगर कुछ देश ईरान के समर्थन में खुले रूप में आगे आते हैं, तो युद्ध और विकराल रूप ले सकता है। वैसी स्थिति में दुनिया के सामने खड़ी होने वाली आर्थिक चुनौतियों का अंदाजा लगाया जा सकता है।

**अंग्रेजों से आजाद होने के बाद भारत लोकतांत्रिक देश तो बन गया, लेकिन ठीक 25 साल बाद तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी की ओर से थोपी गई इमरजेंसी में लोकतंत्र की धज्जियां उड़ गई थी। 25 जून 1975 की आधी रात में अपनी सत्ता बनाए रखने के लिए इंदिरा ने तानाशाही का ऐसा नमूना पेश किया, जो उस पीढ़ी के लोग अब भी नहीं भूल पाए हैं। बीते साल 25 जून को लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने के तुरंत बाद ओम बिरला ने आपातकाल की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पढ़ा, जिसमें आपातकाल को 'प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा संविधान पर हमला' बताया गया। इस कदम के बाद सदन में कांग्रेस सांसदों ने विरोध किया। कांग्रेस की ओर से कहा गया कि पांच दशक पुराने इस काले दौर का स्मरण नहीं किया जाना चाहिए।**

# आपातकाल विस्मृत न हो

**(डॉ. आशीष वशिष्ठ)**

नयी पीढ़ी तो आपातकाल की विभीषिका से बिल्कुल अपरिचित है। बातचीत के क्रम में इस पीढ़ी ने आपातकात शब्द जरूर सुना होगा लेकिन 25-26 जून, 1975 की रात को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश पर थोपे गए आपातकाल के दंश की कई पीढ़ियां भुक्तभोगी हैं।

अंग्रेजों से आजाद होने के बाद भारत लोकतांत्रिक देश तो बन गया, लेकिन ठीक 25 साल बाद तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी की ओर से थोपी गई इमरजेंसी में लोकतंत्र की धज्जियां उड़ गई थी। 25 जून 1975 की आधी रात में अपनी सत्ता बनाए रखने के लिए इंदिरा ने तानाशाही का ऐसा नमूना पेश किया, जो उस पीढ़ी के लोग अब भी नहीं भूल पाए हैं।

बीते साल 25 जून को लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने के तुरंत बाद ओम बिरला ने आपातकाल की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पढ़ा, जिसमें आपातकाल को 'प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा संविधान पर हमला' बताया गया। इस कदम के बाद सदन में कांग्रेस सांसदों ने विरोध किया। कांग्रेस की ओर से कहा गया कि पांच दशक पुराने इस काले दौर का स्मरण नहीं किया जाना चाहिए। संयोगवश, इंडिया ब्लॉक के सदस्यों ने एक दिन पूर्व 24 जून को सदस्य के रूप में शपथ लेते समय संविधान की प्रतियां उठाई थीं।

ऐसे में अहम सवाल यह है कि क्या कांग्रेस आपातकाल को सही मानती है या फिर यह चाहती है कि लोकतंत्र को कलंकित करने और संविधान का निरादर करने वाले इस तानाशाही भरे कदम का स्मरण नहीं किया जाना चाहिए? क्या कांग्रेस कांग्रेस चाहती है कि आपातकाल पर चर्चा नहीं होनी चाहिए। लेकिन आपातकाल के भुगतभोगी आम लोगों और नेताओं का मानना है कि अतीत की भूलों को विस्मृत करने से उनके दोहराए जाने का खतरा बढ़ जाता है।

वास्तव में कांग्रेस और उसके नेता आपातकाल की गलती को स्वीकार नहीं करते। अगर वह अपनी गलती स्वीकार करते तो वह यह कहने की हिम्मत जुटाते कि 49 साल पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की ओर से देश पर आपातकाल थोपने और राजनीतिक विरोधियों, मीडिया एवं जनता के खिलाफ दमन का चक्र चलाना एक भूल थी।

कांग्रेस को आपातकाल की याद दिलाना इसलिए आवश्यक है, क्योंकि पिछले कुछ समय से वह संविधान के खतरे में होने का फर्जी हौवा खड़ा कर उसके प्रति प्रतिबद्धता जताने में लगी हुई है। यह ठीक है कि 2024 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस का संख्या बल बढ़ा है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि वह दबे-छिपे स्वर में आपातकाल को सही ठहराने की कोशिश करती दिखने लगे। उसकी यह कोशिश तो आपातकाल के स्मरण को और अधिक आवश्यक ठहराती है।

यदि वह संविधान के प्रति इतनी ही अधिक प्रतिबद्ध है तो फिर यह क्यों नहीं स्वीकार करना चाहती कि इंदिरा गांधी ने अपनी संसद सदस्यता खारिज किए जाने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को निष्प्रभावी करने के लिए आपातकाल का सहारा लिया और इस क्रम में इसी संविधान को कुचला और उसकी प्रस्तावना को मनमाने तरीके से बदल दिया।




नयी पीढ़ी तो आपातकाल की विभीषिका से बिल्कुल अपरिचित है। बातचीत के क्रम में इस पीढ़ी ने आपातकात शब्द जरूर सुना होगा लेकिन 25-26 जून, 1975 की रात को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश पर थोपे गए आपातकाल के दंश की कई पीढ़ियां भुक्तभोगी हैं। आपातकाल के दौरान पूरा देश कारागार में परिवर्तित हो गया था। विपक्ष के सभी नेताओं को रात में ही जगा कर नज़दीकी जेल में ज़बरन उन्हें डाल दिया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस और जमात-ए-इस्लामी सहित 26 संगठनों पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया। आपातकाल के मुखर आलोचक रहे फिल्मी कलाकारों को भी इसका दंश झेलना पड़ा। किशोर कुमार के गानों को रेडियो और दूरदर्शन पर बजाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। देव आनंद को भी अनौपचारिक प्रतिबंध का सामना करना पड़ा था।

आपातकाल की कहानी को बार-बार दोहराना इसलिए भी जरूरी है कि आज की युवा पीढ़ी कम से कम यह जान ले कि जो आजादी और स्वतंत्रता उसे अनायास मिली है, सहज सुलभ है, वह दरअसल कितने बलिदानों से मिली है और उसे कायम रखने के लिए कितनी लड़ाइयां हुई हैं! लोगों को पता चलना चाहिए कि संविधान की हत्या किसे कहते हैं।

पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू के शब्दों में, आपातकाल की घोषणा ने देश की लोकतांत्रिक संरचना को हिला कर रख दिया। लोकतांत्रिक व्यवस्था के कमज़ोर पक्षों पर व्यापक विचार विमर्श हुआ और देश ने दोबारा कभी भी इसे नहीं लगाए जाने का प्रण किया। यह प्रतिज्ञा तभी बनी रहेगी जब देश बार बार उस आपातकाल से मिलने वाले सबक को याद करता रहेगा। ख़ास कर, युवाओं को आज़ाद भारत के उस काले अध्याय की जानकारी और उससे मिले सबक को जानना होगा।

देश में आपातकाल लागू होने के बाद कई त्रासद घटनाएं हुईं। दिल्ली का तुर्कमान गेट कांड भी इनमें एक था। मुस्लिम बहुल उस इलाके को संजय गांधी ने दिल्ली के सौंदर्यीकरण के नाम पर खाली करा दिया। यह काम लोगों की सहमति से नहीं, बल्कि जबरन किया गया गया। बुल्डोजर से लोगों के घर ढहाए गए। जिन्होंने विरोध किया, उन्हें जेलों में ठूंस दिया गया। विरोध के दौरान पुलिस ने लाठियां बरसाईं और आंसू गैस के गोले छोड़े। पुलिस ने गोलियां भी चलाईं। चार लोगों की जान चली गई।

संजय गांधी ने तब तक परिवार नियोजन का अभियान छेड़ दिया था। सड़क से भिखारियों, झोपड़पट्टी के लोगों और राहगीरों को पकड़ कर जबरन नसबंदी के टार्गेट पूरे किए जाने लगे। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में 18 अक्टूबर 1976 को नसबंदी अभियान का विरोध कर रहे आंदोलकारियों पर पुलिस ने सीधी फायरिंग कर दी थी। जिसमें 42 बेगुनाहों की मौत हो गई थी। मृतकों की स्मृति में यहां शहीद चौक बना हुआ है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इमरजेंसी के दौरान देशभर में 1 करोड़ 10 लाख से ज्यादा लोगों की नसबंदी कर दी गई थी।

तत्कालीन अटार्नी जनरल नीरेन डे ने तब सुप्रीम कोर्ट में यह कबूल किया था कि जीने का अधिकार स्थगित है। यदि स्टेट आज किसी की जान भी ले ले तो भी उसके खिलाफ कोई व्यक्ति कोर्ट की में नहीं जा सकता। ऐसे मामलों को सुनने के कोर्ट के अधिकार खत्म कर दिए गए हैं। ऐसा तो अंग्रेजों के राज में भी नहीं था। विलायती शासन में भी कम से कम जनता को कोर्ट में जाने की छूट तो मिली हुई थी।

आपातकाल की अवधि के दौरान सत्ता के दुरुपयोग, कदाचार और ज्यादतियों के विभिन्न पहलुओं की जांच के लिए भारत के सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जेसी शाह की अध्यक्षता में शाह आयोग का गठन किया था। आयोग द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया था कि आपातकाल के दौरान एक लाख से ज्यादा लोगों को निवारक हिरासत कानूनों के तहत गिरफ्तार किया गया था।

24 जून 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इमरजेंसी का जिक्र करते हुए कहा- जो लोग इस देश के संविधान की गरिमा को समर्पित हैं, जो लोग भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं पर निष्ठा रखते हैं, उनके लिए 25 जून न भूलने वाला दिवस है।

इमरजेंसी के विरोध में केंद्र की बीजेपी सरकार ने हर साल 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया है। असल में, संविधान हत्या दिवस मनाने का मकसद संविधान की हत्या करने वालों और इस घटना से लोगों को हुई तकलीफों के बारे में आज की पीढ़ी को परिचित कराना है।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था, जब भी मैं निराशा होता हूं, तब इतिहास के पन्नों को पलटकर सत्य और प्रेम की जीत को दोहराने वाले तथ्यों का स्मरण करता हूं। इतिहास के पन्नों पर आतातायी और हत्यारे भी रहे हैं और कुछ पल के लिए वो अजेय भी दिखे लेकिन यह ख़ास ख़्याल रखें कि अंत में उनका खात्मा हुआ है। जीत हमेशा सत्य की हुई है। हमें अपने कटु अनुभवों से सीख लेने की आवश्यकता है, ताकि न्यू इंडिया के सपने को साकार कर सकें। (लेखक स्वतंत्र पत्रकार) (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# ईरान-इस्राइल संघर्ष में अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र अपनी जिम्मेदारियों को समझें

**सुनील कुमार महला**

ईरान-इस्राइल के बीच युद्ध के कारण पश्चिम एशिया में संकट के बादल मंडरा रहे हैं और विश्व तीसरे विश्व युद्ध के मुहाने पर खड़ा नजर आ रहा है। ईरान-इजरायल के बीच जारी युद्ध के बीच हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत-पाकिस्तान की तर्ज पर एकाएक दोनों देशों के बीच अलसुबह सीजफायर की घोषणा कर सभी को एक बार फिर चौंका दिया, लेकिन स्थिति ढाक के तीन पात वाली रही और दोपहर बाद से ही दोनों पक्षों की तरफ से उसके उल्लंघन की खबरें भी आने लगीं। कहना ग़लत नहीं होगा कि इजराइल और ईरान के बीच युद्ध विराम(सीजफायर) पर सहमति की खबर निश्चित रूप से अच्छी बात है, क्यों कि किसी भी युद्ध को किसी भी रूप में उचित नहीं ठहराया जा सकता है, जैसा कि युद्ध तबाही, विनाश को तो जन्म देते ही हैं, साथ ही साथ युद्ध से किसी भी देश की अर्थव्यवस्था पर बहुत ही गहरा प्रभाव पड़ता है और वह देश विशेष जो युद्ध में शामिल होते हैं, बरसों तक आर्थिक रूप से उबर नहीं पाते हैं। कुल मिलाकर किसी भी युद्ध से मानवता बहुत ही बुरी तरह से पीड़ित और त्रस्त होती है और युद्ध से पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ते हैं। हाल फिलहाल ईरान इजरायल युद्ध के कारण पश्चिम एशिया लगातार अस्थिरता का सामना कर रहा है और यदि इसी प्रकार से दोनों देशों के बीच युद्ध लंबे समय तक जारी रहता है तो यह दोनों देशों के साथ ही संपूर्ण विश्व के लिए ठीक नहीं ठहराया जा सकता है। हाल फिलहाल, जहां तक बात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एकाएक सीजफायर की घोषणा की है, तो भारत द्वारा पाकिस्तान व पीओके पर ऑपरेशन सिंदूर के समय में(जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद)भी ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर(युद्ध विराम) के आधिकारिक एलान से पहले ही यह दावा कर दिया था, कि उन्होंने मध्यस्थता करके दोनों देशों(भारत-पाकिस्तान) को इसके लिए सहमत कर लिया है, हालांकि, बाद में भारत ने तुरंत ही मध्यस्थता का खंडन कर दिया था।

बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आनन-फानन में दो देशों के बीच युद्ध विराम की घोषणा तो कर देते हैं, लेकिन इसकी जानकारी उनके अधिकारियों तक को भी नहीं होती है। इससे तो ऐसा ही प्रतीत होता है कि अमेरिकी राष्ट्रपति अपने मन में नोबेल शांति पुरस्कार पाने की लालसा पाले हुए हैं। यह ठीक है कि युद्ध किसी भी समस्या का स्थाई समाधान नहीं होता है और किसी भी देश को युद्ध विराम के लिए निश्चित रूप से आगे आकर काम करना चाहिए और शांति स्थापित करने के दिशा में आवश्यक कदम उठाने चाहिए, लेकिन अमेरिका एक तरफ तो ईरान के खिलाफ जंग(ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला) में उतरने का फैसला करते हैं और दूसरे ही पल वह दोनों देशों के बीच सीजफायर की घोषणा कर डालते हैं, यह बहुत ही आश्चर्यजनक बात है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि ट्रंप की ईरान-इस्राइल के बीच सीजफायर की घोषणा ऐसे समय में हुई है, जब नोबेल शांति पुरस्कार के नामांकन की प्रक्रिया जारी है। गौरतलब है कि ट्रंप पहले ही सर्बिया-कोसोवो, मिस्त्र-इथियोपिया और पश्चिम एशिया में अब्राहम समझौते जैसी कूटनीतिक पहलों को नोबेल पुरस्कार से जोड़ चुके हैं।इससे यह साफ संकेत मिलता है कि ट्रंप अपनी ताजा युद्ध विराम की घोषणा को भी नोबेल के लिए मजबूत दावेदारी के रूप में पेश करना चाहते हों। वास्तव में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को यह कदापि नहीं भूलना चाहिए कि नोबेल पुरस्कार तात्कालिक उपलधियों के लिए नहीं, बल्कि दीर्घकालिक शांति प्रयासों के लिए दिए जाते हैं। ऐसे में ट्रंप का नोबेल शांति पुरस्कार पाने के लिए लालायित होना कदापि ठीक नहीं ठहराया जा सकता है। वैसे भी ट्रंप की सीजफायर की घोषणा के बाद भी ईरान-इस्राइल संघर्ष थमा नहीं है और दोनों ही देश एक दूसरे की जान के दुश्मन बने हुए हैं। वास्तव में किसी भी युद्ध को शांति वार्ता टेबल पर ही खत्म किया जा सकता है, यूं ही आनन-फानन की घोषणाओं(सीजफायर) से कदापि नहीं। किसी भी युद्ध को रोकने के लिए आपसी संवाद और कूटनीतिक प्रयासों की जरूरत होती है, तभी युद्ध विराम संभव हो पाता है। वास्तव में, ट्रंप को यह बात नहीं भूलनी चाहिए कि पश्चिम एशिया का इतिहास और इस क्षेत्र की भू-राजनीतिक स्थिति काफी जटिल रही है।

यह ठीक है कि ट्रंप के सीजफायर के पीछे उनकी कूटनीतिक महत्वाकांक्षाएं रहीं हैं लेकिन स्वयं अमेरिका ने ईरान को लेकर क्या किया,उसका भी ख्याल अमेरिका को रखना ही चाहिए। अमेरिकी सीजफायर के आह्वान के बावजूद, जिस तरह से ईरान और इस्राइल, दोनों ने ही इसका उल्लंघन किया, यह बहुत ही अफसोसजनक है तथा इसने पश्चिम एशिया में कहीं न कहीं संकट के बादल खड़े कर दिए हैं। ट्रंप भले ही शुरूआत से ही सीजफायर की बात करता आ रहा है लेकिन अमेरिका स्पष्ट रूप से इजराइल के साथ खड़ा नजर आ रहा है, जैसा कि अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर भीषण हमले करके इसकी पुष्टि भी कर दी। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि युद्ध किसी भी देश को बरसों पहले की स्थिति में ले जाते हैं और इससे उबरना इतना आसान नहीं होता है। इसलिए अब जरूरत इस बात की है कि इस बात पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है कि दोनों देशों के बीच युद्ध स्थाई रूप से कब और कैसे विराम ले। हाल फिलहाल ईरान और इजरायल (ट्रंप की सीजफायर की घोषणा के बाद) एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं और एक-दूसरे को दोषी करार दे रहे हैं, यह ठीक नहीं है।

# मजबूत जीडीपी के लिए वर्कफोर्स में महिलाओं की भागीदारी बढ़ानी होगी

**शिक्षा और नौकरी के बीच का यह अंतर महिलाओं की क्षमता का प्रतिबिंब नहीं है, बल्कि ऐसे माहौल को दर्शाता करता है, जहां महिलाओं को अपनी प्रोफेशनल यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त सपोर्ट नहीं मिलता। एजुकेशनल इंस्टिट्यूट अक्सर अपने यहां बढ़ती स्टूडेंट्स की संख्या का जश्न मनाते हैं, लेकिन उतने उत्साह के साथ शायद ही कन्वर्शन रेट को ट्रैक करते हैं ङ्क यानी उन महिला स्टूडेंट्स का अनुपात जो नौकरी हासिल करती हैं, व्यवसाय शुरू करती हैं, या नेतृत्व की भूमिकाएं निभाती हैं।**

**(तृप्ति सिंघल सोमानी)**

भारत ने जेंडर इक्विटी की दिशा में काफी कुछ किया है, लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। देश ने महिला साक्षरता यानी फीमेल लिटरेसी और हायर एजुकेशन में महत्वपूर्ण प्रगति की है। हालांकि, ये उपलब्धियां अभी तक प्रपोशनल वर्कफोर्स पार्टिसिपेशन में तब्दील नहीं हुई हैं।

हालिया (वुमन एम्पावरमेंट प्रिंसिपल्स) लेबर फोर्स विश्लेषण के अनुसार, 2024 में महिला साक्षरता दर 77 प्रतिशत से अधिक पहुंच गई थी और महिलाएं अब उच्च शिक्षा में करीब 48 प्रतिशत स्टूडेंट्स का प्रतिनिधित्व करती हैं। इसके बावजूद फीमेल लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट 2023-24 में 41.7 प्रतिशत है, जो वैश्विक औसत से काफी नीचे है। यह आंकड़ा शिक्षा और रोजगार के बीच एक बड़े अंतर को उजागर करता है।

यहां गौर करने वाली बात यह है कि भले ही अब पहले से अधिक महिलाएं ग्रेजुएट हो रही हैं, लेकिन फॉर्मल वर्कफोर्स में उनकी भागीदारी अभी भी अपेक्षाकृत कम है। डब्ल्यूईपी डेटा के अनुसार, सभी ग्रेजुएट्स में से लगभग आधी हिस्सेदारी के बावजूद केवल 20त्न महिलाएं ही फॉर्मल एम्प्लॉयमेंट या एंटरप्रेन्योरशिप में प्रवेश कर पाती हैं। यहां तक कि ग्रेजुएशन में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वालीं महिलाएं भी कभी-कभी वर्कफोर्स का हिस्सा नहीं बन पातीं, यह शिक्षा से रोजगार तक पहुंचने की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल की तरह है।

शिक्षा और नौकरी के बीच का यह अंतर महिलाओं की क्षमता का प्रतिबिंब नहीं है, बल्कि ऐसे माहौल को दर्शाता करता है, जहां महिलाओं को अपनी प्रोफेशनल यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त सपोर्ट नहीं मिलता। एजुकेशनल इंस्टिट्यूट अक्सर अपने यहां बढ़ती स्टूडेंट्स की संख्या का जश्न मनाते हैं, लेकिन उतने उत्साह के साथ शायद ही कन्वर्शन रेट को ट्रैक करते हैं ङ्क यानी उन महिला स्टूडेंट्स का अनुपात जो नौकरी हासिल करती हैं, व्यवसाय शुरू करती हैं, या नेतृत्व की भूमिकाएं निभाती हैं।

वूमेनोवेटर में हम नीतिगत बदलाव की पुरज़ोर वकालत करते हैं। भारत के नेशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) में कॉलेजों और विश्वविद्यालयों की रैंकिंग में एक प्रमुख पैरामीटर के रूप में कन्वर्शन रेट को शामिल किया जाना चाहिए। संस्थानों का मूल्यांकन न केवल एकेडमिक प्रदर्शन के आधार पर बल्कि




महिलाओं को वर्कफोर्स में शामिल करने की उनकी क्षमता के आधार पर किया जाना चाहिए। यदि ऐसा सही तरीके से होता है, तो यह न केवल फीमेल एम्प्लॉयमेंट रेश्यो में सुधार करेगा बल्कि भारत की जीडीपी वृद्धि में भी सार्थक योगदान देगा।

फीमेल वर्कफोर्स पार्टिसिपेशन में हालिया वृद्धि उल्लेखनीय है, लेकिन इसका अधिकांश हिस्सा सेल्फ-एम्प्लॉयमेंट या अनपेड फैमिली वर्क के कारण है, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसा ज्यादा देखने को मिलता है। इस तरह की भागीदारी अक्सर वित्तीय स्थिरता और विकास के अवसरों में कमी की वजह बनती है। शहरी क्षेत्रों में, लैंगिक असमानताएं अभी भी मौजूद हैं, एंट्री लेवल की भूमिकाओं में महिलाओं की हिस्सेदारी 31त्न हैं, जबकि लीडरशिप पोजीशन में यह आंकड़ा महज 13त्न है।

वूमेनोवेटर में हम इस तस्वीर को बदलने के लिए काम कर रहे हैं। हमारा मेंटर-मेंटी प्रोग्राम पहले ही 1000 से ज्यादा अनुभवी पेशेवरों को विभिन्न क्षेत्रों की महत्वाकांक्षी महिलाओं से जोड़ चुका है, जिसका सीधा असर 300 से ज्यादा महिलाओं के करियर पर पड़ा है। हमारा मानना है कि वास्तविक सशक्तिकरण कम्युनिटी, मेंटरशिप और सपोर्ट से उत्पन्न होता है, और हम एक ऐसा इकोसिस्टम बना रहे हैं जो सुनिश्चित करता है कि महिलाएं अपनी प्रोफेशनल जर्नी में कभी अकेली न रहें।

जमीनी स्तर पर शिक्षा और नौकरी के इस अंतर को पाटने के लिए, वूमेनोवेटर में हम कॉलेजों में वूमेनोवेटर सेल स्थापित करने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। यह एक तरह का डेडिकेटेड संगठन है, जो मेंटरशिप, करियर काउंसलिंग और एंटरप्रेन्योरियल ट्रेनिंग प्रदान करता है। ये सेल पीयर-टू-पीयर नेटवर्क को बढ़ावा देते हैं और युवा महिलाओं को आत्मविश्वास से वर्कफोर्स में प्रवेश करने और आगे बढ़ने के लिए तैयार करते हैं।

इसके अतिरिक्त, हमने महिलाओं को लीडरशिप और कम्युनिटी-बिल्डिंग स्किल्स से लैस करने के लिए डिज़ाइन किया गया एक कम्युनिटी डेवलपमेंट एंड लीडरशिप कोर्स भी शुरू किया है। यह कोर्स न केवल प्रतिभागियों को अपनी पहचान विकसित करने में मदद करता है, बल्कि उन्हें दूसरों को ऊपर उठाने में भी सक्षम बनाता है, ताकि सशक्तिकरण का प्रभाव विभिन्न क्षेत्रों तक महसूस किया जा सके।

भारत जैसे देश में जहां सामाजिक और संरचनात्मक बाधाएं अभी भी महिलाओं की प्रोफेशनल प्रगति को सीमित करती हैं, वूमेनोवेटर एक रिलेवेंट, स्केलेबल और इम्पैक्ट-ड्रिवेन सल्यूशन प्रदान करता है। हमारे प्रयास प्रत्यक्ष तौर पर राष्ट्रीय आर्थिक लक्ष्यों के साथ संरेखित हैं और क्षमता को भागीदारी में बदलने की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

शोध से पता चलता है कि रोजगार में लैंगिक अंतर यानी जेंडर गैप को पाटने से 2025 तक भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 770 अरब डॉलर की वृद्धि हो सकती है। यदि भारत अपने 5 ट्रिलियन डॉलर के आर्थिक लक्ष्य को प्राप्त करना चाहता है, तो वह महिलाओं के रूप में अपनी आधी प्रतिभावान आबादी को पीछे नहीं छोड़ सकता। महिलाओं को वर्कफोर्स का हिस्सा बनने और लीडरशिप की भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाना महज एक सामाजिक अनिवार्यता नहीं है- यह एक आर्थिक आवश्यकता भी है।

वूमेनोवेटर केवल बदलाव की वकालत नहीं कर रहा- हम खुद ऐसे रास्ते निर्मित कर रहे हैं जो इसे संभव बनाते हैं। मेंटरशिप, पॉलिसी एडवोकेसी और कम्युनिटी लीडरशिप के माध्यम से, हम वर्कफोर्स में भारतीय महिलाओं की भूमिका को फिर से परिभाषित करने के लिए काम कर रहे हैं। इस अंतर को पाटने का समय अब आ गया है, और इसकी शुरुआत सफलता को मापने के लिए कन्वर्शन रेट को आवश्यक पैमाना बनाने से होती है। (लेखिका सीए है-ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं

# एसएसपी बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने जिले के दो प्रधान आरक्षक एम.टी. (चालक) को स्टार और केप लगाकर सहायक उप निरीक्षक एम.टी. (चालक) के पद पर किया पदोन्नत





**बेमेतरा/मूक पत्रिका**

पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार, पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह, उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) राजेश कुमार झा द्वारा बेमेतरा जिले के दो प्रधान आरक्षक एम.टी. (चालक) राणा प्रताप सिंह एवं पन्ना लाल सिन्हा को ( विभागीय पदोन्नति प्रक्रिया के तहत पदोन्नति प्राप्त प्रधान आरक्षक एम.टी. (चालक) को) स्टार और केप लगाकर सहायक उप निरीक्षक एम.टी. (चालक) के पद पर पदोन्नत किया गया। तथा पदोन्नत हुए सहायक उप निरीक्षक एम.टी. (चालक) को शुभकामनाए देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने कहा कि हम तब ही विभाग में बेहतर काम कर सकते है, जब हमें अपने परिवार जनों का सहयोग प्राप्त हो। इनकी तरक्की से पुरे परिवार जनों का भी सर गर्व से उठेगा और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा भी मिलेगी। इसके साथ ही उन्होने कहा कि पदोन्नति के साथ ङ्क साथ पदोन्नत हुए सहायक उप निरीक्षक एम.टी. (चालक) राणा प्रताप सिंह एवं पन्ना लाल सिन्हा के उत्तरदायित्व में बढोत्तरी हुई है, इसी उत्तरदायित्व के अनुरूप अपने दक्षता एवं निष्ठा का पूर्ण ईमानदारी से उपयोग करते हुए समाज में कानून तथा शांति व्यवस्था बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायें। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह, उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) राजेश कुमार झा, रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो द्वारा भी पदोन्नति प्राप्त सहायक उप निरीक्षक एम.टी. (चालक) को शुभकामनायें देते हुए पुलिसिंग एवं आने वाली परिस्थितियों में सामन्जस्य बनाकर कार्य करने हेतु कहा गया। इस दौरान मुख्यलिपिक उप निरीक्षक (अ) हरिओंम विश्वकर्मा, उप निरीक्षक (अ) प्रदीप देशमुख, स्टेनो सउनि (अ) अजय कुमार देवांगन, सउनि (अ) दीपक गर्जेलवार, एसएसपी रीडर विष्णु सप्रे, डीएसबी शाखा प्रधान आरक्षक ऐश्वर्य सिंह, सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अन्य अधि./कर्म. उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना से मिली राहत, शिक्षक नगर के मिश्रा अब हर माह कर रहे हजारों की बचत

**बिजली बिल में कमी के साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी सार्थक पहल**

**मुंगेली /मूक पत्रिका**

प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना ने आम नागरिकों की बिजली बिल की समस्या का समाधान करने के साथ-साथ स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इसी कड़ी में मुंगेली के शिक्षक नगर निवासी और सेवानिवृत्त शिक्षक राजकुमार मिश्रा इस योजना से प्राप्त लाभ से अत्यंत संतुष्ट हैं। मिश्रा ने अक्टूबर 2024 में 5 किलोवॉट का रूफ्टॉप सोलर पैनल स्थापित कराया था। उन्होंने बताया कि सोलर पैनल लगने से पूर्व हर माह उन्हें ?7000 से ?8000 तक बिजली बिल चुकाना पड़ता था। गर्मियों में यह राशि कभी-कभी ?17,000 से ?18,000 तक पहुंच जाती थी।



लेकिन अब इस योजना की मदद से वे हर माह हजारों रुपये की बचत कर रहे हैं और अब तक लगभग ?23,000 की बिजली बिल की बचत हो चुकी है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना आम नागरिकों के लिए अत्यंत लाभकारी है। न केवल बिजली की बचत हो रही है, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग से पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिल रही है। सौर ऊर्जा के उपयोग से पारंपरिक विद्युत स्त्रोतों पर निर्भरता घट रही है, जिससे आर्थिक और पारिस्थितिक दोनों स्तरों पर राहत मिल रही है। मिश्रा ने अन्य नागरिकों से भी अपील की कि वे इस योजना का लाभ लें और अपने घरों में रूफ्टॉप सोलर प्लांट अवश्य लगवाएं। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा इस योजना के तहत 30,000 से 78,000 रुपये तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। योजना अंतर्गत लगाए गए सोलर प्लांट को नेट मीटरिंग प्रणाली से जोड़ा जाता है, जिससे अतिरिक्त उत्पन्न बिजली ग्रिड में भेजी जा सकती है, और उपभोक्ता को उसका लाभ आय के रूप में प्राप्त होता है। इस योजना का लाभ लेने हेतु उपभोक्ताओं को pmsuryaghar.gov.in Øæ PMSuryaGhar मोबाइल एप पर पंजीकरण कर लॉगिन आईडी प्राप्त करनी होती है। इसके बाद पोर्टल पर सूचीबद्ध वेंडर का चयन कर बिजली विभाग के कर्मचारी की सहायता से ऑनलाइन आवेदन किया जाता है। अनुबंध के बाद वेंडर द्वारा प्लांट की स्थापना एवं डिस्कॉम द्वारा नेट मीटर लगाया जाता है। सत्यापन पश्चात सरकार द्वारा सब्सिडी सीधे खाते में अंतरित की जाती है।

# मीडिया प्रभारी अरविन्द तिवारी ने दी पुरी शंकराचार्यजी के आगामी प्रवास की जानकारी

**रायपुर/मूक पत्रिका**

ऋग्वेदीय पूर्वाम्नाय श्रीगोवर्द्धनमठ पुरीपीठाधीश्वर अनन्तश्री विभूषित श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य पूज्यपाद स्वामी श्रीनिश्चलानन्द सरस्वतीजी महाराज रथयात्रा के पावन अवसर पर श्रीजगन्नाथजी का दर्शन , पूजन तथा रथयात्रा का शुभारम्भ के पश्चात अपनी आगामी राष्ट्रोत्कर्ष अभियान में आज 29 जून की प्रातः नई झूंसी स्थित शिवगंगा आश्रम , रेलवे पुल के पास , प्रयागराज पहुंचे। इसके पहले रेल्वे स्टेशन पहुंचने पर महाराजश्री का भव्य स्वागत किया गया , उसके पश्चात वे सड़क मार्ग से आश्रम पहुंचे। पुरी शंकराचार्यजी का प्रयागराज प्रवास दिनांक 03 जुलाई तक निर्धारित है। इस अवधि में दिनांक 30 जून से 02 जुलाई तक प्रातःकालीन सत्र में पूर्वान्ह साढ़े ग्यारह बजे से दर्शन , दीक्षा और संगोष्ठी कार्यक्रम



में उपस्थित भक्तजन धर्म , राष्ट्र और ईश्वर से संबंधित अपनी जिज्ञासाओं का समाधान श्रीशंकराचार्यजी से प्राप्त कर सकेंगे। वहीं सायंकालीन सत्र में पुनः दिनांक 29 जून से 02 जुलाई तक शाम साढ़े पांच बजे से दर्शन एवं आध्यामिक संदेश श्रवण का सुअवसर प्राप्त होगा। यहां आयोजित सभी कार्यक्रमों की समाप्ति पश्चात पुरी शंकराचार्यजी 03 जुलाई को दोपहर एक बजे निवास स्थान से प्रस्थान कर साढ़े तीन बजे सारनाथ एक्सप्रेस के द्वारा अपने आगामी राष्ट्र रक्षा अभियान में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर प्रस्थान करेंगे। इसकी जानकारी श्री सुदर्शन संस्थानम , पुरी शंकराचार्य आश्रम के मीडिया प्रभारी अरविन्द तिवारी ने दी। बताते चलें कि वर्तमान में पूज्य पुरी शंकराचार्यजी ही ऐसे एकमात्र विभूति हैं जो कि आज के उन्माद और विनाश के वातावरण में विश्व मानवता की रक्षा हेतु भारतवर्ष के साथ - साथ सम्पूर्ण विश्व को इस संबंध में सचेत करते रहते हैं। धर्म के संबंध में उनका संदेश है कि अर्थोपार्जन और विषयोपभोग की वह विधा जिसके फ्लस्वरूप हमारा जीवन दिशाहीन ना हो , हम दूसरों के लिये अनावश्यक शोषक सिद्ध ना हों , हमारे देह , इन्द्रिय , प्राण , अन्तःकरण का पोषण हो सके और हमारे जीवन में उस बल और वेग का संचार हो जिसके फ्लस्वरूप जीवनधन जगदीश्वर की प्राप्ति करने में हम समर्थ हो सकें , उसी का नाम है धर्म। ठीक इसी तरह सनातन धर्म की सर्वकालीन प्रासंगिकता तथा सर्वोत्कृष्टता के संबंध में उनका कथन है कि उद्भव - स्थिति - संहार - निग्रह और अनुग्रहकर्ता सनातन सर्वेश्वर सर्वाधिष्ठान , सर्वरूप , सर्वात्मा हैं। धर्मनिष्ठ उन्हें माता , पिता , पति सखादि आत्मीयभाव से भजते हैं।

# बोर्ड परीक्षा परिणाम सुधारने की कवायद : कलेक्टर ने लगाई प्राचार्यों और व्याख्याताओं की क्लास

**हर दो महिनें में प्री बोर्ड की तर्ज पर होगा टेस्ट**

**बीजापुर/मूक पत्रिका**

जिले के परीक्षा परिणाम सुधार को लेकर हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल के व्याख्याताओं की समीक्षा बैठक कलेक्टर संबित मिश्रा की अध्यक्षता में हुई।बैठक में सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार, जिला शिक्षा अधिकारी लखन लाल धनेलिया उपस्थित रहे । इस वर्ष जिले में 10 वीं बोर्ड का परिणाम 85.40 प्रतिशत और 12 वीं बोर्ड का परिणाम 80.35 रहा । जिले में नए शिक्षा सत्र में बोर्ड परीक्षा का परिणाम बेहतर हो इस संबंध में कलेक्टर द्वारा विषयवार समीक्षा की गई ।जिन स्कूलों का परिणाम 90 प्रतिशत से कम है वहां के प्राचार्यों और व्याख्याताओं को पढ़ाई में



कसावट लाने के साथ कमजोर बच्चों के लिए अतिरिक्त प्रयास करने के कड़े निर्देश दिया गया ।प्री बोर्ड की तर्ज पर बच्चों का मूल्यांकन को ईमानदारी पूर्वक कर कमजोर बच्चों पर ज्यादा फोकस कर परिणाम सुधारने को कहा गया। समीक्षा में प्राचार्यों और व्याख्याताओं ने इस शिक्षा सत्र में परिणाम सुधारने को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए तथा परिणाम सुधारने हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया ।

# दंतेवाड़ा में भगवान जगन्नाथ की 11वीं भव्य रथ यात्रा, नगर में बिखरी भक्ति की अद्भुत छटा

**दंतेवाड़ा /मूक पत्रिका**

नगर के धार्मिक एवं सांस्कृतिक परिदृश्य में आस्था का अनोखा संगम देखने को मिला, जब भगवान जगन्नाथ की 11वीं वार्षिक रथ यात्रा भव्यता के साथ नगर भ्रमण पर निकली। रथ यात्रा का उद्घाटन और उद्घाटन स्थानीय शनि मंदिर, गायत्री मंदिर चौक से हुआ, नगर के मुख्य ध्वज से होता हुआ बस स्टैंड के सामने समापन हुआ। यात्रा के दौरान नगरवासी श्रद्धा और उत्साह सराबोर से नीचे दिखाई देते हैं। रथ यात्रा की अगुआई मां दन्तेश्वरी मंदिर जिया बाबा, नगर पालिका अध्यक्ष पीला गुप्ता, मंदिर समिति केदार महाराज, नगर पालिका उपाध्यक्ष गुप्ता कैलाश मिश्रा और रथ यात्रा समिति के मार्गदर्शन में शामिल हैं। यात्रा में भगवान जगन्नाथ के रथ



स्थान पर पुष्पवर्षा और उद्घोषणा कर उनका भव्य स्वागत किया गया। पूरा नगर भक्ति रथ, मंत्रोच्चार और जयकारों से गुंजायमान हो उठाओ। इस अवसर पर केदारनाथ मिश्रा महाराज ने कहा कि आज अखिल ब्रह्मांड के नायक भगवान वियतनाम स्वयं नगर यात्रा पर निकलते हैं। यह केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं है, बल्कि ईश्वर के साक्षात् दर्शन का अनुपम अवसर है। हम उनके स्टेज से नगर के विकास का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। यात्रा का मार्ग पहुंचा, जहां महाप्रसाद स्वरूप हलवा-पूरी और चने का भोग ,नारियल का वितरण किया गया।

# नगर भ्रमण को निकले भगवान जगन्नाथ, जगह-जगह हुआ स्वागत



**बेमेतरा/देवकर/मूक पत्रिका**

बीते शुक्रवार को नगर देवकर में इस वर्ष भी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई,जिसे नगर में स्वागत किया। इस दौरान आस्था व परंपरा का संगम देखने भक्त उमड़े हुए थे। रथ यात्रा को नगर भ्रमण कराया गया। दर्शन करने व स्वागत के लिए लोग अपने द्वार पर आरती थाल हाथ में लिए प्रतीक्षा करते दिखें।भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और बड़े भैया बलराम की शोभायात्रा निकाली गई। भक्तों ने भगवान को सजे हुए वाहनों और ठेलों में नगर भ्रमण कराया। रथ खींचने के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह दिखा। गांधी चौक, सुभाष चौक , गोकुल पारा , महावीर चौक,बस स्टैंड,नीद पार वार्ड -1 मे भी घुमे। प्रसाद में मूंग और चना दिया गया।

पूरे दिन हरि बोल और जय जगन्नाथ के जयकारे गूंजते रहे। प्रसाद वित?रण करते भक्त। श्री राम मंदिर सीमित सदस्य लोग एवं नगरवासियों शामिल थे।यात्रा विभिन्न मार्गों से होकर देर रात मंदिर प्रांगण पर समाप्त हुई।

# 'एक पेड़ माँ के नाम' थीम पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप मे हुए शामिल

**बेमेतरा/मूक पत्रिका**

- शासकीय पं. जवाहरलाल नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बेमेतरा के परिसर में ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ अभियान के अंतर्गत बीते शनिवार को भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक दीपेश साहू शामिल हुए द्य जिनके मार्गदर्शन में कुल 175 पौधे महाविद्यालय परिसर में रोपे गए।

इस अभियान में सामाजिक संस्था ÷सहयोग बेमेतरा÷ के सदस्यों ङ्क डॉ. सुभाष चौबे, सुशील शर्मा, संजय त्रिपाठी, पद्म जैन, डॉ. अविनाश त्रिपाठी, बंटी अरोरा, धर्मेंद्र शर्मा, पार्षद नीतू कोठारी ङ्क ने सक्रिय सहभागिता निभाई। महाविद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्या डॉ. वीणा त्रिपाठी सहित डी.आर. साहू, राजकुमार त्रिपाठी, देवेंद्रधर द्विवेदी, जितेंद्र बारले,



भोलाराम साहू, डी.पी. जंघेल, श्वेता साहू और आशुतोष शुक्ला सहित सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू ने महाविद्यालय परिसर का भ्रमण करते हुए कहा यह मेरा सौभाग्य है कि मैं इसी महाविद्यालय का पूर्व छात्र हूं। इस महाविद्यालय की समग्र उन्नति के लिए किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। हमारा संकल्प है कि आने वाले समय में बेमेतरा महाविद्यालय प्रदेश ही नहीं, देश में भी कीर्तिमान स्थापित करेगा।÷विधायक साहू ने उल्लेख किया कि बेमेतरा महाविद्यालय परिसर में वर्ष 2010 में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के करकमलों से 11 एकड़ भूमि पर 10,000 वृक्षों का रोपण किया गया था, जिससे आज शहरवासियों को स्वच्छ एवं प्राकृतिक वायु का लाभ मिल रहा है।

# संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव व न्योता भोज का आयोजन किया गया

**बेमेतरा/मूक पत्रिका**

संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव व न्योता भोज का आयोजन संकुल केंद्र खिलोरा में मनाया गया जिसमे शासकीय हाई स्कूल, मिडिल स्कूल व प्राथमिक शाला खिलोरा के बच्चे शामिल हुये। जिसके मुख्य अतिथि राधे साहू सरपंच खिलोरा विशिष्ट अतिथि अरुण कुमार खरे विकास खंड शिक्षा अधिकारी बेमेतरा, घनाराम साहू ग्राम पटेल, भुनेश्वर साहू पूर्व उपसरपंच, पंचम साहू कार्यक्रम की अध्यक्षता हीरालाल शर्मा प्राचार्य हाई स्कूल, पी आर पात्रे प्रधान पाठक , गैंदराम वर्मा प्रधान पाठक की उपस्थिति में प्रारम्भ हुआ । माँ सरस्वरी के तैल चित्र में पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विकास खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी नवप्रवेशी बच्चों को उज्वल भविष्य की सुभकामनाये देते हुए नियमित शाला



आने और मन लगाकर पढ़ाई लिखाई करने की के लिए प्रेरित किया। राधे साहू सरपंच ने सभी बच्चों को साफ स्वच्छ आचरण व अनुशासित जीवन जीने व शिक्षा के महत्व को बताया। उपस्थित अतिथियों ने सभी नवप्रवेशी पहली ,छठवी व नवमी के बच्चों का गुलाल लगाकर मुह मीठा कर पुस्तक गणवेश प्रदान किया। उसके पश्चात सभी बच्चे ,पालकगण व अतिथियों ने न्योता भोजन ग्रहण किया । कार्यक्रम में पी एस यदु , सत्येंद्र सिंह, सूर्यप्रकाश साह मनोज वर्मा, आकाश सोनी ष्ट्ठ निनवा, श्रीमती निर्मला साहू, श्रीमती मोहनी सोनी, शिक्षक शिक्षिकाय व श्रीमती अश्वनी यादव श्रीमती सुशील साहू, लाता साह, सावित्री साहू, गौरी साहू, सिमा यादव, संध्या निर्मलकर, रामचरण निर्मलकर, पेखाम साहू, कामता साहू, सहित ग्रामीण की उपस्थिति रही कार्यक्रम का संचालन नीलेश सोनी संकुल समन्वयक खिलोरा ने किया।

**स्थानीय मुद्दों को लेकर लगातार केंद्र सरकार व राज्य सरकार के खिलाफ्कांग्रेस का हल्ला बोल, एनएमडीसी के विरुद्ध युवाओं की अनिश्चितकालीन धरना तीसरे दिन भी जारी**

# एनएमडीसी किरंदुल बचेली मैं स्थानीय भर्ती की मांग को लेकर (संयुक्त पंचायत- दंतेवाड़ा) को कांग्रेस पार्टी का समर्थन

**दंतेवाड़ा /मूक पत्रिका**

दंतेवाड़ा, सुकमा, और बीजापुर जिलों के आदिवासी ग्रामीणों ने गुरुवार सुबह से नेशनल मिनरल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एन एम डीसी) की किरंदुल और बचेली परियोजना के चेक पोस्ट को जमकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया है। (एन एम डीसी) स्थानीय मुद्दों को लेकर लगातार धरना का तीसरा दिन भी जारी है।(संयुक्त पंचायत-दंतेवाड़ा )जिसका छत्तीसगढ़ कांग्रेस पार्टी समर्थन दे रहा।लगातार स्थानीय मुद्दों को लेकर कांग्रेस केंद्र व राज्य सरकार की गलत नीतियों का विरोध कर रही हैं। लगातार कांग्रेस युवाओं, ग्रामीणों के हक की लड़ाई सरकार से लड़ती आ रहीं है। प्रदर्शन कर रही ग्रामीणों की मुख्य मांग है कि (एन एम डीसी) (1.) स्थानीय युवाओं को रु1, रु2 की भर्ती प्रक्रिया में प्रभावित तीनों जिलों जैसे दन्तेवाडा बीजापूर, सुकमा के सभी वर्गों जैसे स्र्झ, स्ष्ट, ह्रश्चष्ट, त्रश्वह्र तथा अन्य के स्थानीय युवाओं को समुचित अवसर दिया जाए ताकि सामाजिक समरसता एवं न्याय की भावना बनी रहे।(2.) रु1, रु2 की परीक्षा पूर्व की भांती ह्ररूक्र सीट पर आधारित हो।




जिससे यह पारदर्शीता निष्पक्ष एवं तकनीकी त्रुटियों से मुक्त रहें।(3.) रु1, रु2 श्रेणी के पदो हेतु यह विशेष व्यवस्था की जाए कि दन्तेवाड़ा, सुकमा एवं बीजापूर जिलो के अभ्यार्थी किरन्दुल एवं बचेली दोनो प्रोजेक्ट में आवेदन कर सकें। यह सुविधा केवल स्थानीय (तीनो जिला) के अभ्यार्थीयो को दि जाए ताकी अधिक से अधिक स्थानीय भागीदारी सुनिश्चित हो सके।(4.) वर्ष 2020-22 के कोविड महामारी काल में रेलवे विभाग द्वारा भर्ती प्रक्रिया में अभियार्थीयो को 3 वर्ष की अतिरिक्त आयु कि सीमा छुट प्रदान की गई थी उसी प्रकार की विशेष छुट वर्तमान में एनएमडीसी की भर्ती में भी दि जानी चाहिए जिससे कोविड के कारण वंचित रहे दन्तेवाडा सुकमा एवं बीजापूर के बेरोजगारो को पुनः अवसर प्राप्त कर सकें।। सयुक्त पंचायत के सभी कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों के साथ इस आंदोलन में कांग्रेस पार्टी शामिल है।

जो मांग को लेकर दृढ़ संकल्पित हैं। जिला अध्यक्ष अवधेश गौतम ने कहा कि खनन के कारण उनकी जमीन और पर्यावरण को नुकसान पहुंचा है।995 पदों की घोषणा की थी ये जो भर्ती हो रही है इससे रद्द कर और फ्रि से नई भर्ती कर और स्थानीय युवाओं को पहली प्राथमिकता दिया जाए। जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा कहा कि बाहरी उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जा रही हैं,जबकि खनन गतिविधियों से प्रभावित स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसरों से भटकाया जा रहा हैं।इस दौरान पूर्व विधायक देवती महेन्द्र कर्मा,कोपा कुंजम,सलीम राजा उस्मानी,प्रवीण राणा,विमल सालम,सुमित्रा सोरी, इंदिरा शर्मा,इंदिरा,ठाकुर, पूजा साव,शंकर कुंजम, मीनल राय,राजेंद्र कौर राय,रविश सुराना,आसिफ राजा, अविनाश सरकार,मनोज साहा, भीम सैन मंडावी,राजकुमार जायसवाल,धीरू नाग,वीरू ठाकुर,नंदा कुंजम,राजू भास्कर, राजू कुंजाम,उपस्थित रहे ।

# समाज कल्याण विभाग ने दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल व सहायक उपकरण किया वितरित

**बीजापुर/मूक पत्रिका**

सीआरपीएफके 151 बटालियन के कमांडेंट राजीव कुमार की उपस्थिति में समाज कल्याण विभाग द्वारा चिन्हित दिव्यांग जनों को ट्रायसायकल एवं सहायक उपकरण प्रदान किया गया।इस दौरान अस्थिबाधित दिव्यांग जन मड़कम लकमा को ट्रायसायकल मिलने पर लकमा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब वह अपने दैनिक जीवन के विभिन्न कार्यो को सुगमतापूर्वक करने में सक्षम है धर्माराम निवासी मड़कम लकमा को समाज कल्याण विभाग द्वारा सहायक उपकरण प्रदाय करने हेतु चिन्हित किया गया था।समाज कल्याण विभाग द्वारा सभी प्रकार के दिव्यांग जनों का चिन्हांकन करना उनका दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने, स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ साथ उनको




पात्रतानुसार सहायक उपकरण प्रदाय किया जाता है। ताकि समाज के मुख्य धारा में जुड़कर सामान्य व्यक्तियों की तरह सुगमतापूर्वक जीवन यापन कर सके।

## संक्षिप्त समाचार

# प्रेस क्लब और लाइब्रेरी का कलेक्टर ने किया अवलोकन



**गौरेला पेंड्रा मरवाही।** कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पेण्ड्रा स्थित माधव राव सप्रे प्रेस क्लब और वहां संचालित लाइब्रेरी का अवलोकन किया। उन्होंने लाइब्रेरी में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति देखकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनसे लाइब्रेरी की उपयोगिता, उपलब्ध पुस्तकों तथा लाइब्रेरी में और भी पुस्तकों की आवश्यकता के बारे में चर्चा की। उन्होंने लाइब्रेरी में आवश्यक पुस्तक मुहैया कराने का आश्वासन दिया। साथ ही सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# नशा मुक्ति पखवाड़ा के अंतर्गत जीपीएम पुलिस द्वारा व्यापक जन-जागरूकता अभियान सैकड़ों लोगों ने ली नशा न करने की शपथ




**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही।** अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर जिले में नशा मुक्ति पखवाड़ा के अंतर्गत जीपीएम पुलिस द्वारा जिले भर में एक संगठित और समर्पित जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों, विशेषकर युवाओं को नशे की लत और उसके गंभीर दुष्परिणामों से अवगत कराना तथा समाज को नशामुक्त दिशा की ओर प्रेरित करना था।इस अभियान का संचालन जिले की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स इकाई के नोडल अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री ओम चंदेल के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रमों की निगरानी और समन्वय की जिम्मेदारी अनुविभागीय पुलिस अधिकारी श्री दीपक मिश्रा (मरवाही) तथा उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्रीमति निकिता तिवारी मिश्रा ने निभाई। जिले के सभी थाना प्रभारियों ङ्क मरवाही, गौरेला एवं पेंड्रा ङ्क और उनकी टीमों ने अपने-अपने क्षेत्रों में पूरे उत्साह और समर्पण के साथ भागीदारी निभाई।

### मन्नाडोल प्राथमिक स्कूल के शाला प्रवेशोत्सव में शामिल हुए कलेक्टर

# हर बच्चे में है एक विशेष योग्यता,जरूरत है उसे निखारने की......

**बिलासपुर।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल बिल्हा ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला मन्नाडोल के शाला प्रवेश उत्सव में शामिल हुए। उन्होंने नव प्रवेशी बच्चों को मिठाई खिलाकर प्रवेश दिलाया। उन्हें किताबें और गणवेश भी वितरित किए। उन्होंने बच्चों का तिलक से स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दी। वर्तमान में सभी विद्यालयों में शासन के निर्देशानुसार शाला प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में शहर के मन्नाडोल में शाला प्रवेश उत्सव एवं नेवता भोज का कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, सहायक कलेक्टर अरविंथ कुमारन डी,जिला मिशन समन्वयक ओम पांडे, सहायक परियोजना अधिकारी अखिलेश तिवारी, शहरी स्त्रोत समन्वयक वासुदेव पांडे, सेवानिवृत्ति एडीपीओ रामदत्त गौरहा, संकुल प्रभारी अजीत कुजूर,वार्ड पार्षद वैजयंती जोशी, शैक्षिक समन्वयक आशीष वर्मा,शैक्षिक समन्वयक बिजौर मनोज सिंह ठाकुर,



शैक्षिक समन्वयक तिफरा सुनील पांडे एवं संकुल सिरगिट्टी के सभी प्रधान पाठक एवं शिक्षक उपस्थित थे। कलेक्टर ने मन्नाडोल में अवर एम फाउंडेशन की ओर से कराए गए लगभग 17 लाख से निर्मित शाला परिसर में प्रधान पाठक कक्ष, मेंन गेट, बाउंड्री वॉल, चेकर टाईल्स, मध्यान भोजन कक्ष, पुस्तकालय, टॉयलेट यूरिनल आदि का उद्घाटन भी किया। स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी दी गई। विद्यालय के होनहार बच्चों ने "ऑपरेशन सिंदूर" के थीम पर देशभक्ति नृत्य से अतिथियों का अभिनंदन किया जिससे अधिकारी अभिभूत हो गए । शाला परिसर में वृक्षारोपण भी मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया। "सांस हो रही है काम आओ पेड़ लगे हम" नारों के बीच न केवल पेड़ लगाया गया बल्कि उसे जिंदा रखने के लिए भी शपथ लिया गया। कभी दो कमरों और 112 बच्चों के साथ संचालित होने वाली मन्नाडोल शाला आज 260 से अधिक बच्चों के साथ पर्याप्त कमरे लाइब्रेरी शौचालय स्मार्ट कक्षा के साथ संचालित हो रही है और यहां के बच्चों ने राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर शहर का नाम रोशन किया है। इस शाला के मोहल्ला क्लास को देखने शिक्षण विभाग के प्रमुख सचिव का भी आगमन हो चुका है। कलेक्टर, सीईओ और डीएमसी के द्वारा शाला का पूर्ण रूप से अवलोकन किया गया और शाला प्रबंधन की प्रशंसा की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक आर.आर. श्रीवास वरिष्ठ शिक्षक सत्यनारायण मिश्रा, कंचन झा विजयलक्ष्मी वैष्णव, मौसमी साहू, सरिता भार्गव, गंगोत्री साहू, उषा साहू एवं सफाई कर्मचारी प्रदीप साहू उपस्थित थे।

## चाकू दिखाकर आमलोगों को डरा रहा युवक पकड़ाया

बिलासपुर। थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने पचरीघाट के पास लोहे का धारदार चाकू से आने जाने वाले लोगों को डराने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से एक लोहे का चाकू बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 25.06.25 को जरिये मुखबीर मोबाईल से सूचना मिली कि मुकेश यादव के द्वारा सदर पचरीघाट के पास एक धारदार लोहे का चाकू को लेकर आने जाने वालों को डरा धमका रहा है। सूचना पर थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा दबिश देकर आरोपी मुकेश यादव पिता स्व. दिनेश यादव उम्र 21 वर्ष निवासी जैतखम्ब के पास बंधवापारा सरकण्डा थाना सरकण्डा जिला बिलासपुर को पकड़ा गया जिसके पास लोहे का धारदार एक चाकू जब्त किया गया।

# विधायक अमर अग्रवाल ने मूक बधिर एवं मंदबुद्धि दिव्यांग स्कूल का किया शुभारंभ

**बिलासपुर।** विधायक श्री अमर अग्रवाल ने आज शहर के जगमल चौक में मूक बधिर एवं मंदबुद्धि दिव्यांग स्कूल का शुभारंभ किया। लगभग डेढ़ सौ बच्चे इस विशेष स्कूल में कक्षा पहली से आठवीं तक पढ़ाई कर रहे हैं। मुख्य अतिथि ने सभी बच्चों को संस्था की ओर से स्कूल बैग वितरित किये। समाजसेवी संस्था सुवाणी शिक्षण समिति द्वारा इस विशेष स्कूल का संचालन एवं बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जायेगी। कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं संयुक्त संचालक समाज कल्याण विभाग श्रीमती श्रद्धा मैथ्यू भी इस मौके पर उपस्थित थी। मुख्य अतिथि श्री अमर अग्रवाल ने रथयात्रा के पावन अवसर पर स्कूल का शुभारंभ करने के लिए प्रबंधन को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मूक बधिर एवं मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चे अक्सर विशेष




जरूरतों एवं चुनौतियों का सामना करते हैं। उन्हें शिक्षा और विकास का अवसर प्रदान करने के लिए विशेष ध्यान और समर्थन की जरूरत होती है, जो कि इस विशेष स्कूल की स्थापना से संभव हो पायेगा। उन्होंने उम्मीद जताई की यह स्कूल इन विशेष योग्यता वाले बच्चों को उनकी पूरी क्षमता तक पहुंचने में मदद करेगा ताकि बच्चे जीवन में सफलता प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने अतिथियों का स्वागत किया और उनके सम्मान में मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर समाजसेवी श्री एसपी चतुर्वेदी, श्यामसुन्दर तिवारी, प्रशांत बुधिया, पवन अग्रवाल, सुरेन्द्र वर्मा, श्रीमती सरिता सिंह राधा फाउण्डेशन, स्कूल के प्राचार्य आरजे सिंह, पार्षद मोती गंगवानी सहित बड़ी संख्या में बच्चे, उनके पालक, स्कूल के शिक्षक एवं कर्मचारी तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# अंतरराज्यीय शैक्षणिक भ्रमण : कृषि छात्रों ने अराकू घाटी में किया कॉफी,काली मिर्च,ड्रैगन फ्रूट एवं बहिस्तरीय खेती का प्रत्यक्ष अध्ययन

**बिलासपुर।** कृषि शिक्षा को व्यवहारिक, प्रायोगिक और अनुभवात्मक स्वरूप प्रदान करने की दिशा में एक अभिनव कदम उठाते हुए, बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, बिलासपुर तथा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, लोरमी-मुंगेली के संयुक्त तत्वावधान में बी.एससी. (कृषि) तृतीय वर्ष के 47 छात्र-छात्राओं का एक अंतरराज्यीय शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया है। यह भ्रमण पाठ्यक्रम AHPD-5321 के अंतर्गत संचालित हो रहा है। विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने हेतु भ्रमण दल में डॉ. अर्चना केरकेट्टा, डॉ. (ले.) रोशन परिहार तथा डॉ. यशपाल सिंह निराला उपस्थित हैं। भ्रमण का पांचवां पड़ाव ङ्क अराकू घाटी (विशाखापट्टनम, आंध्र प्रदेश) 27




जून 2025 को भ्रमण के पांचवें चरण में छात्र-छात्राओं ने विशाखापट्टनम जिले की प्रसिद्ध अराकू घाटी का दौरा किया। यह क्षेत्र अपने उत्कृष्ट जलवायु, प्राकृतिक सौंदर्य और टिकाऊ कृषि पद्धतियों के लिए प्रसिद्ध है। विद्यार्थियों ने यहाँ कॉफी बागानों, काली मिर्च की बेलों (जो सिल्वर ओक वृक्षों पर उगाई जाती है), तथा ड्रैगन फ्रूट की व्यवस्थित खेती का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। विशेष आकर्षण रहा मल्टी स्टोरी (बहिस्तरीय) खेती प्रणाली, जिसमें विभिन्न ऊँचाई की फसलें एक साथ एक ही क्षेत्र में उगाई जाती हैं— जैसे कि: नीचे स्तर: ड्रैगन फ्रूट व अन्य रेंगने वाली फसले मध्य स्तर: काली मिर्च की बेलें ऊपरी स्तर: कॉफी पौधे व छायादार वृक्ष (जैसे सिल्वर ओक) इस बहिस्तरीय प्रणाली से भूमि का अधिकतम उपयोग, जल संरक्षण, पोषक तत्वों का कुशल प्रबंधन, तथा पर्यावरणीय संतुलन सुनिश्चित होता है।


## नाम परिवर्तन

मैं महेश्वरी पिता हीरा सिंग साहू आयु 18 वर्ष, निवासी ग्राम करचुवा, पोस्ट करेसरा, तहसील व जिला बेमेतरा (छ.ग.) की निवासी हूं, जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूं कि :-

1/ यह कि मेरा नाम पता उपर दर्शित अनुसार है।

2/ यह कि, मेरे नाम से जारी आधार कार्ड क्रमांक आधार कार्ड क्रमांक 2446 8243 2368 में मेरा नाम ममता साहु (MAMTA SAHU) त्रुटिवश दर्ज है, जबकि मेरे अंकसूची, दाखिल खारिज एवं अन्य समस्त शासकीय / अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम महेश्वरी (MAHESHWARI) पिता हीरा सिंग साहू दर्ज है, जो कि मेरा सही वास्ताविक नाम है। अब मैं अपना नाम महेश्वरी (MAHESHWARI) पिता हीरा सिंग साहू कराना चाहती हूं और इसी नाम से जानी एवं पहचानी जाना चाहती हूं तथा नाम में एकरूपता लाने हेतु अब मैं अपना नाम महेश्वरी (MAHESHWARI) पिता हीरा सिंग साहू रखना चाहती हूं। जिसके चलते मेरे आधार कार्ड, समस्त शासकीय / अर्द्धशासकीय / तथा अन्य संबंधित दस्तावेजों में जहां कही भी मेरा नाम ममता साहु (MAMTA SAHU) दर्ज है के स्थान पर संशोधन कर महेश्वरी (MAHESHWARI) पिता हीरा सिंग साहू दर्ज कराना चाहता हूं एवं उक्त नाम परिवर्तन की सूचना राजपत्र में प्रकाशित करवाना चाहता हूं।

3/ यह कि, मेरे द्वारा दी गई जानकारी भविष्य में किसी प्रकार की गलती पायी जाती है तो उसकी संपूर्ण जवाबदारी मेरी स्वयं की होगी ।

4/ तदाशय के संबंध में शपथ-पत्र आपकी ओर प्रस्तुत है।

**शपथकर्ती**
**महेश्वरी**

## नाम परिवर्तन

मैं धर्मेन्द्र वर्मा पिता रामकुमार वर्मा आयु 36 वर्ष, निवासी तेंदूभाटा, पोस्ट बाबा मोहतरा, तहसील व जिला बेमेतरा (छ.ग.) का निवासी हूं जो कि शपथपूर्वक कथन करता हूं कि :-

1/ यह कि मेरा नाम पता उपर दर्शित अनुसार है।

2/ यह कि, मेरे पुत्री के नाम से जारी आधार कार्ड में अर्चिता वर्मा (ARCHITA VERMA) दर्ज है, जबकि उसके अंकसूची, जन्म प्रमाण पत्र, समस्त शासकीय / अर्द्धशासकीय/अशासकीय / व अन्य संबंधित दस्तावेजों में उसका नाम याचिका वर्मा (YACHIKA VERMA) दर्ज है जो उसका सही वास्तविक नाम है। जबकि उसके आधार कार्ड क्रमांक 3965 4665 2512 में अर्चिता वर्मा (ARCHITA VERMA) त्रुटिवश दर्ज हो गया है। मैं अब उसका नाम याचिका वर्मा (YACHIKA VERMA) रखना चाहता हूँ, जिसके चलते उसके आधार कार्ड समस्त शासकीय / अर्द्धशासकीय/अशासकीय व अन्य समस्त दस्तवेजों में जहां कही भी उसका नाम अर्चिता वर्मा (ARCHITA VERMA) दर्ज है के स्थान पर संशोधन कर याचिका वर्मा (YACHIKA VERMA) पिता धर्मेन्द्र वर्मा रखना चाहता हूं एवं उक्त नाम परिवर्तन की सूचना राजपत्र में प्रकाशित करवाना चाहता हूं।

3/ यह कि, मेरे द्वारा दी गई जानकारी भविष्य में किसी प्रकार की गलती पायी जाती है तो उसकी संपूर्ण जवाबदारी मेरी स्वयं की होगी।

4/ तदाशय के संबंध में शपथ-पत्र आपकी ओर प्रस्तुत है ।

**शपथकर्ता**
**धर्मेन्द्र वर्मा**

## नाम परिवर्तन

मैं बिटावन पिता मनीराम आयु 44 वर्ष, जाति तेली, निवासी ग्राम ठेलका, पोस्ट बेलतरा, तहसील थानखम्हरिया, जिला बेमेतरा (छ.ग.) की निवासी हूं, जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूं कि:-

1/ यह कि मेरा नाम पता उपर दर्शित अनुसार है।

2/ यह कि, मेरे नाम से जारी आधार कार्ड क्रमांक आधार कार्ड क्रमांक 7175 1002 0662 में मेरा नाम आरती (AARTI) त्रुटिवश दर्ज है, जबकि मेरे भूमि संबंधित दस्तावेज एवं अन्य समस्त शासकीय/अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम बिटावन (BITAVAN) पिता मनीराम दर्ज है, जो कि मेरा सही वास्ताविक नाम है। अब मैं अपना नाम बिटावन (BITAVAN) पिता मनीराम कराना चाहती हूं, और इसी नाम से जानी एवं पहचानी जाना चाहती हूं तथा नाम में एकरूपता लाने हेतु मैं अपना नाम बिटावन (BITAVAN) पिता मनीराम रखना चाहती हूं। जिसके चलते मेरे आधार कार्ड, समस्त शासकीय / अर्द्धशासकीय / तथा अन्य संबंधित दस्तावेजों में जहां कही भी मेरा नाम आरती (AARTI) दर्ज है के स्थान पर संशोधन कर बिटावन (BITA-VAN) पिता मनीराम दर्ज कराना चाहती हूं एवं उक्त नाम परिवर्तन की सूचना राजपत्र में प्रकाशित करवाना चाहती हूं।

3/ यह कि, मेरे द्वारा दी गई जानकारी भविष्य में किसी प्रकार की गलती पायी जाती है तो उसकी संपूर्ण जवाबदारी मेरी स्वयं की होगी।

4/ तदाशय के संबंध में शपथ-पत्र आपकी ओर प्रस्तुत है।

**शपथकर्ती**
**बीटावन**

## नाम परिवर्तन

मैं संतराम साहू पिता भारत साहू आयु 55 वर्ष, निवासी सिंघौरी, पोस्ट सलधा, तहसील बेरला, जिला बेमेतरा (छ.ग.) का निवासी हूं जो कि शपथपूर्वक कथन करता हूं कि :-

1/ यह कि मेरा नाम पता उपर दर्शित अनुसार है।

2/ यह कि, मेरे पुत्री के नाम से जारी आधार कार्ड में नेहा (NEHA) दर्ज है. जबकि उसके अंकसूची, जन्म उम्मनैक्षणिक अभिलेख, दाखिल खारिज, समस्त. शासकीय/अर्द्धशासकीय/ अशासकीय/व अन्य संबंधित दस्तावेजों में उसका नाम यामिनी साहू (YAMINI SAHU) दर्ज है जो उसका सही वास्तविक नाम है । जबकि उसके आधार कार्ड क्रमांक 8493 2553 8610 में नेहा (NEHA) त्रुटिवश दर्ज हो गया है। मैं अब उसका नाम यामिनी साहू (YAMINI SAHU) रखना चाहता हूँ जिसके चलते उसके अंकसूची, आधार कार्ड समस्त शासकीय/ अर्द्धशासकीय/अशासकीय / बैंकिंग व अन्य समस्त दस्तवेजों में जहां भी उसका नाम नेहा (NEHA) दर्ज है के स्थान पर संशोधन कर यामिनी साहू (YAMINI SAHU) पिता संतराम साहू रखना चाहता हूं एवं उक्त नाम परिवर्तन की सूचना राजपत्र में प्रकाशित करवाना चाहता हूं ।

3/ यह कि, मेरे द्वारा दी गई जानकारी भविष्य में किसी प्रकार की गलती पायी जाती है तो उसकी संपूर्ण जवाबदारी मेरी स्वयं की होगी ।

4/ तदाशय के संबंध में शपथ-पत्र आपकी ओर प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**
**संतराम साहू**

## नाम परिवर्तन

मैं सुखीराम निषाद पिता मयाराम निषाद आयु 39 वर्ष, निवासी ग्राम पौसरी, पोस्ट मोहरेंगा, तहसील व जिला बेमेतरा (छ.ग.) का निवासी हूं जो कि शपथपूर्वक कथन करता हूं कि :-

1/ यह कि मेरा नाम पता उपर दर्शित अनुसार है।

2/ यह कि, मेरे पुत्र के नाम से जारी आधार कार्ड में जयप्रकाश निषाद (JAYPRAKASH NISHAD) दर्ज है, जबकि उसके अंकसूची, जन्म प्रमााण पत्र समस्त शासकीय/अर्द्धशासकीय/अशासकीय / व अन्य संबंधित दस्तावेजों में उसका नाम जामवंत (JAMVANT) दर्ज है जो उसका सही वास्तविक नाम है। जबकि उसके आधार कार्ड क्रमांक 4712 2685 7914 में जयप्रकाश निषाद (JAYPRAKASH NISHAD) त्रुटिवश दर्ज हो गया है। मैं अब उसका नाम जामवंत (JAMVANT) रखना चाहता हूँ, जिसके चलते उसके आधार कार्ड समस्त शासकीय/अर्द्धशासकीय/अशासकीय व अन्य समस्त दस्तवेजों में जहां कही भी उसका नाम जयप्रकाश निषाद (JAYPRAKASH NISHAD) दर्ज है के स्थान पर संशोधन कर जामवंत (JAMVANT) आ. सुखीराम निषाद रखना चाहता हूं एवं उक्त नाम परिवर्तन की सूचना राजपत्र में प्रकाशित करवाना चाहता हूं।

3/ यह कि, मेरे द्वारा दी गई जानकारी भविष्य में किसी प्रकार की गलती पायी जाती है तो उसकी संपूर्ण जवाबदारी मेरी स्वयं की होगी।

4/ तदाशय के संबंध में शपथ-पत्र आपकी ओर प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**
**सुखीराम**

## न्यायालय तहसीलदार, बेमेतरा के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202506230600034

**मामले की बेणी: राजस्व**
**सन्-2024-2025**
**विषय:-व-121**
**प.ह.न. 00036 [ ( हे. ) ]**
**पक्षकारों का विवरण आवेदक पक्षकार पम्मी,**
**अनावेदक पक्षकार**

### ईश्तहार

एतद् सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका पम्मी पति सलिकराम साहू निवासी ग्राम अमोरा तहसील बेमेतरा जिला बेमेतरा ने इस न्यायालय के समक्ष अपने माता शकुन साहू पति फुसकू साहू का मृत्यु पंजीयन हेतु आवेदन पेश किया है जिसका मृत्यु दिनांक 01/07/1994 को स्थान ग्राम मटका में होना और भूलवश मृत्यु का पंजीयन नहीं करा पाना बताया गया है।

उक्त आवेदन पत्र के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे नियत पेशी तारीख 30/06/2025 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते है। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/06/2025 को जारी किया गया है।

मुहर

**तहसीलदार**
**बेमेतरा**

## न्यायालय नायब तहसीलदार बेमेतरा, तहसील व जिला बेमेतरा (छ.ग.)

### ईश्तहार

**क्र/1004/प्र/तह/2025**
**रा.प्र.क्र ब-121 वर्ष 2024-25**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामकुमार पिता चितुराम निवासी ग्राम खम्हरिया तहसील व जिला बेमेतरा द्वारा इस न्यायालय में अपने पिता चितुराम निषाद पित्ता बुलबुल के मृत्यु पंजीयन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है जिसका मृत्यु दिनांक 08/12/2016 को होना व मूलवश ग्राम/नगर पंचायम में मृत्यु का पंजीयन नहीं कराये जाने के कारण पंजीयन करा कर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को दावा/आपत्ति हो तो वे नियत पेशी तारीख-20/08/2025 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर अपनी दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनाँक 14/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर सहित ईश्तहार जारी।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**बेमेतरा, जिला-बेमेतरा**

## कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), साजा जिला बेमेतरा (छ.ग.)

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका पुष्पा बाई पति गेंदलाल निवासी ग्राम साजा तहसील साजा जिला बेमेतरा के द्वारा ग्राम साजा प.ह.न. 09 रा.नि.म. साजा नगरीय तहसील साजा स्थित भूमि ख.न. 3654/1, 3654/3 रकबा 0.02, 0.02 हे. का व्यवसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तित करने हेतु बी-1 नक्शा खसरा, अधिकार अभिलेख की प्रति पेश कर भू-राजस्व की धारा 172 के तहत व्यपवर्तित करने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अत: इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर-दावा हो तो दिनांक 14/07/202 तक स्वत: अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में शाम 5.00 बजे तक दावा / आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 22/06/20.2.5 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया ।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी ( रा. )**
**साजा, जिला-बेमेतरा**

## // आम सूचना //

मैं सत्यावती पिता श्री भागवत, उम्र 19 वर्ष, ग्राम सिरवाबांधा, वार्ड क्रमांक 10, पोस्ट बेमेतरा, तहसील व जिला बेमेतरा (छत्तीसगढ़) की निवासी हूं, मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम सतनामी सत्याकुमारी भागवतभाई (SATNAMI SATYAKUMARI BHAGVATBHAI) एवं जन्मतिथि 01/06/2008 दर्ज है, जबकि, मेरा जन्म प्रमाण पत्र एवं शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम सत्यावती (SATYAVATI) एवं जन्मतिथि 22/11/2006 दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है, जिसके चलते समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों/ सरकारी/ अर्द्धसरकारी/ अशासकीय/बैंकिंग दस्तावेज एवं आधार कार्ड एवं अन्य समस्त दस्तावेजों में जहां भी मेरा नाम सतनामी सत्यकुमारी भागवतभाई दर्ज है, के स्थान पर संशोधित कर- सत्यावती (SATYAVATI) एवं वास्तविक जन्मतिथि 22/11/2006 दर्ज कराना चाहती हूं एवं उक्त नाम परिवर्तन की सूचना राजपत्र में प्रकाशित करवाना चाहती हूं। अत: आज दिनांक 25/06/2025 से मेरे नाम सत्यावती (SATYAVATI) एवं वास्तविक जन्मतिथि- 22/11/2006 की प्रविष्टि करते हुए मुझे अब इसी नाम से जाना व पहचाना जावें।

**सत्यावती**
**आवेदक**

## // आम सूचना //

मैं ओमकार चतुर्वेदी पिता मेषराम चतुर्वेदी निवासी ग्राम ढारा पो. बावामोहतरा तहसील बेमेतरा जिला बेमेतरा छ.ग. का निवासी हूँ। यह कि मेरी बहन कि आधार कार्ड पर नाम थनेश्वरी एंव जन्म दिनांक 30/04/2011 दर्ज है। जबकी मेरी बहन कि जन्म प्रमाण पत्र एवं मार्कशीट में नाम नंदनी चतुर्वेदी पिता मेषराम चतुर्वेदी जन्म दिनांक 05/06/2012 दर्ज है जो कि सत्य एंव सही है। जिसके चलते समस्त शैक्षणिक दस्तावेज / शासकीय / अर्द्धशासकीय तथा अन्य समस्त दस्तावेज में जहा भी मेरी बहन कि नाम थनेश्वरी जन्म दिनांक 30/04/2011 दर्ज के स्थान पर संशोधन कर नंदनी चतुर्वेदी पिता मेषराम चतुर्वेदी जन्म दिनांक 05/06/2012 दर्ज कराना चाहता हूँ एंव उक्त नाम परिवर्तन की सूचना राजपत्र में प्रकाशित करवाना चाहता हूँ। अत: आज दिनांक 24/06/2025 से मेरी बहन कि समस्त दस्तावेज एंव आधार कार्ड पर मेरी बहन कि नाम नंदनी चतुर्वेदी जन्म दिनांक 05/06/2012 की प्रविष्टी करते हुए मेरी बहन को अब इसी नाम से जाना व पहचाना जावें।

**ओमकार चतुर्वेदी**
**आवेदक**

# लोक न्याय ट्रस्ट कुदरगढ़ में घमासान तेज : संरक्षक के इस्तीफे के बाद बिफरे सदस्य

- शशांक सिंह ने की सदस्यता भंग करने की मांग
- पूर्व विधायक पारसनाथ राजवाड़े का हमला– ट्रस्ट को बनाया जा रहा है राजनीति का अड्डा, आपराधिक छवि वालों को दी जा रही जगह





**सूरजपुर/ओड़गी/ मूक पत्रिका**

सूरजपुर/ओड़गी/:-- देवी धाम कुदरगढ़ में लोक न्याय ट्रस्ट के भीतर इन दिनों घमासान मचा हुआ है। हाल ही में घोषित कार्यकारिणी ने जहां कुछ चेहरों की ताजपोशी की, वहीं वर्षों से सेवा दे रहे समर्पित कार्यकर्ताओं को नज़रअंदाज कर दिया गया, जिससे ट्रस्ट की साख पर सवाल उठने लगे हैं। इस पूरे घटनाक्रम ने ट्रस्ट को विवादों के दलदल में धकेल दिया है।

सबसे बड़ा झटका तब लगा जब ट्रस्ट के संरक्षक और जिला पंचायत सदस्य अखिलेश प्रताप सिंह ने सार्वजनिक रूप से अपना इस्तीफा ग्रुप में पोस्ट कर दिया। इसके बाद तो ट्रस्ट के भीतर मानो विस्फोट हो गया। सदस्य एक-एक कर विरोध में उतर आए और अब शशांक प्रताप सिंह ने दो टूक कहा है कि उन्हें ऐसी पक्षपाती व्यवस्था मंजूर नहीं, लिहाजा उनकी सदस्यता भंग की जाए।

शशांक सिंह ने दैनिक भास्कर से बात करते हुए कार्यकारिणी गठन पर सीधा हमला बोला और कहा, कुदरगढ़ महोत्सव में मीडिया ने आवाज़ उठाई, लेकिन न प्रशासन जागा, न प्रतिनिधि। अब कार्यकारिणी बनी तो सिर्फ पूर्व गृह मंत्री के चहेतों को शामिल किया गया। वर्षों से सेवा कर रहे लोगों को बाहर कर दिया गया, ये सरासर अन्याय है।

दरअसल, करीब छह महीने पहले लोक न्याय ट्रस्ट के अध्यक्ष पद पर रामसेवक पैकरा को नियुक्त किया गया था, लेकिन कार्यकारिणी का विस्तार हाल ही में किया गया। जैसे ही नई कार्यकारिणी की सूची सामने आई, सोशल मीडिया पर आक्रोश फूट पड़ा। ट्रस्ट के सदस्यों ने खुलकर विरोध किया और इसे 'भाई-भतीजावाद' की राजनीति करार दिया।

ट्रस्ट के ग्रुप में अखिलेश प्रताप सिंह का इस्तीफा सामने आने के बाद कुछ सदस्यों ने तो ट्रस्ट को ही भंग करने की मांग कर डाली। चौहान वंश, जो कुदरगढ़ धाम की पूजा-अर्चना में ऐतिहासिक भूमिका निभाता रहा है, उसे भी दरकिनार कर दिया गया। बैगा समुदाय के पारंपरिक प्रतिनिधियों को भी कार्यकारिणी से बाहर रखा गया, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं।

**पूर्व विधायक पारसनाथ राजवाड़े का तीखा प्रहार–** विवाद के बीच भटगांव के पूर्व विधायक पारसनाथ राजवाड़े ने भी आग में घी डालने जैसा बयान देते हुए कहा, मुझे जानकारी ग्रुप से मिली है। कुदरगढ़ जैसे पवित्र धार्मिक स्थल को राजनीति का अड्डा बनाया जा रहा है। ट्रस्ट में एक ऐसे व्यक्ति को जिम्मेदारी दी गई है जिस पर चोरी का मामला दर्ज है। क्या ऐसे लोग धार्मिक ट्रस्ट की गरिमा संभालेंगे? उन्होंने चौहान वंश को पूजा में सम्मान देने की परंपरा का जिक्र करते हुए कहा कि इस अनदेखी ने समाज में गलत संदेश दिया है।

**सवालों के घेरे में ट्रस्ट की पारदर्शिता–** इस पूरे विवाद ने ट्रस्ट की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर गहरे सवाल खड़े कर दिए हैं। अगर स्थिति जल्द नहीं संभाली गई, तो यह न सिर्फ संगठन की छवि बल्कि धार्मिक भावनाओं को भी गहरी चोट पहुंचा सकता है।

अब देखना होगा कि ट्रस्ट इस विवाद से उबर पाता है या नहीं, या फिर यह कलह आगे और विकराल रूप लेती है।

# 23 सूत्री मांगों को लेकर ओबीसी महासभा ने सौंपा ज्ञापन



**दन्तेवाड़ा/मूक पत्रिका**

ओबीसी महासभा के ऑनलाइन बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी राधेश्याम के नेतृत्व में 23 सूत्री मांगों पर सहमति बनी। जिसे क्रियान्वयन हेतु बस्तर संभाग अध्यक्ष दिनेश यदु के निर्देश पर *संभागीय अध्यक्ष युवा मोर्चा नारायण साहू के नेतृत्व में बीते 27 जून 2025 को दंतेवाड़ा के गीदम अनुभाग में तहसीलदार किशन मिश्रा को प्रधानमंत्री भारत सरकार नई दिल्ली, गृह मंत्री भारत सरकार नई दिल्ली, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री भारत सरकार नई दिल्ली, राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग भारत सरकार नई दिल्ली, महामहिम राज्यपाल छत्तीसगढ़ शासन रायपुर, एवं माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन रायपुर के नाम अन्य पिछड़ा वर्ग के हित संवर्धन एवं संरक्षण हेतु जन कल्याणकारी योजनाओं में समानुपातिक हिस्सेदारी प्रदान करने बाबत 23 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सोपा गया जिसमें अधिकाधिक संख्या में ओबीसी महासभा के पदाधिकारी एवं सदस्य गण मौजूद थे उपस्थित पदाधिकारी में *युवा मोर्चा बस्तर संभाग अध्यक्ष नारायण साहू *दंतेवाड़ा जिलाध्यक्ष नागेश जायसवाल जिला महासचिव पीलाराम सिन्हा कार्यकारिणी सदस्यों में *नितिन देवांगन, गौतम कुमार, तुषार यादव, शुकुलधर सेठिया, नीलाधर सिन्हा, सुकीत सिन्हा, सतीश कुमार देशमुख, संतोष साहू एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इस ज्ञापन के माध्यम से पिछड़ा वर्ग के लिए कई योजनाओं की क्रियान्वयन के लिए छत्तीसगढ़ शासन एवं भारत सरकार से निवेदन किया गया जिसमें मुख्य रूप से जनगणना में पिछड़ा वर्ग के जातियों का शीघ्र गणना कर उसके अनुपात में जनकल्याणकारी योजनाओं को बनाने को प्रमुखता दिया गया है। ओबीसी महासभा एक गैर राजनीतिक सामाजिक संगठन है जो पिछड़ा वर्ग के हित संरक्षण के लिए सदैव अग्र पंक्ति में दिखाई देता है एवं इसके पदाधिकारी एवं सदस्य निस्वार्थ सेवा भाव के लिए जाने जाते हैं तथा शासन से हमारी मांगे हैं कि 23 सूत्रीय मांग को त्वरित क्रियान्वित करें और देश की आधी आबादी को उनका हक दिलाएं।

# सरस्वती शिशु मंदिर में आचार्य भारती गठित – मालिक राम वर्मा प्राचार्य



**मूक पत्रिका/बेमेतरा –** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा में विद्यालय के सुचारू व सफल संचालन की दृष्टिकोण से विद्यालय के प्राचार्य मालिक राम वर्मा ने आचार्यों के दायित्व का विभाग वितरण कर कर्तव्यों का बोध कराया। जिसमें मालिक राम वर्मा प्राचार्य सामान्य प्रशासन, प्रमोद कुमार तिवारी प्राथमिक विभाग प्रमुख, विद्युत एवं ध्वनि,सेवक राम साहू परीक्षा एवं प्रवेश वस्तु भंडार, गिरधारी लाल सिन्हा शारीरिक, देवेंद्र देवांगन किशोर भारती एवं स्वच्छता, घोष, लक्ष्मी वर्मा सांस्कृतिक, लक्ष्मी वर्मा बालिका शिक्षा, संस्कृत ,राजकुमार कोठारी छात्रवृत्ति, प्रचार प्रसार केशो वर्मा, चिकित्सा,मुरलीधर साहू नैतिक एवं आध्यात्मिक,पूर्व छात्र परिषद, युवराज सोनी संगीत, खेल, वाहन, अरुण दुबे योग , पुस्तकालय, भोजराम साहू गीत, गणित, मनराखन निषाद प्रार्थना, यशवंत वर्मा कार्यालय, सुनीता शर्मा नीलिमा तिवारी शिशु वाटिका, स्मृति शर्मा चिकित्सा खोया पाया विभाग।

# विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में शामिल हुए विधायक चैत्रराम अटामी

**दन्तेवाड़ा/मूक पत्रिका**






जिले के कटेकल्याण विकासखंड अंतर्गत बीते शनिवार को विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में दंतेवाडा विधायक चैत्रराम अटामी शामिल हुए । शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी एवं मा सरस्वती के छायाचित्र पर दीप एवं धूप जलाकर फूलमाला अर्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तत्पश्चात पहली में प्रवेश लिए बच्चों को तिलक लगाकर फूलमाला पहनाकर किताब एवं स्कूली कपड़े देकर बच्चों को प्रवेशोत्सव कराया गया। चैतराम अटामी ने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ में दंतेवाडा जिला इस वर्ष 10 वी,12 वी में पूरे प्रदेश में 06 वा आया है।आज हमारे जिले के बच्चे डॉक्टर , इंजीनियर , कलेक्टर, नर्स,अधिकारी बन रहे हैं। आज हमारे जिले कि बात देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने मन की बात में दंतेवाडा जिले शिक्षा के क्षेत्र में कितना आगे बढ़ रहा है इसकी बात करते हैं जिसे पूरा देश सुनता है। यह हमारे लिए गर्व की बात है आज हमारे जिले में छू लो आस्मां , एकलव्य आश्रम, डी ए वी स्कूल,एवं जिले भर में छात्रावास है जहां पर हजारों बच्चे रहकर पढ़ाई कर रहे हैं और दंतेवाडा जिले का नाम रौशन कर रहे हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र शोरी ने भी बच्चों को संबोधित किया और कहा कि शिक्षा ही हर छेत्र में आगे जाने का साधन है आप सभी लोग अच्छे से मन लगाकर पढ़ाई कर ब्लॉक,जिला,प्रदेश और अपने माता पिता सहित शिक्षकगण सहित देश का नाम रौशन करे। हमारे द्वारा हर प्रकार की सहायता आप लोगों को मुहैया कराई जाएंगी। अंत में सभी जनप्रतिनिधि द्वारा एक पेड़ मां के नाम पर लगाया गया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक चैत्रराम अटामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र शोरी, जनपद पंचायत कटेकल्याण अध्यक्ष हिरमा शोरी ,भाजपा महामंत्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक प्रतिनिधि मोहन ठाकुर, सरपंच बड़ेगुड़रा प्रमोद करतामी , सरपंच पकनाचुवा राम कुंजाम, सरपंच एटेपाल कमल मंडावी,जिला शिक्षा अधिकारी एस के अंबष्ट, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा अधिकारी हरीश गौतम,कटेकल्याण विकासखंड शिक्षा अधिकारी पुष्कर वर्मा,दंतेवाडा विकासखंड शिक्षा अधिकारी डी एस ध्रुव, बी आर सी कटेकल्याण हीरालाल ओयामी, सचिव बड़ेगुड़रा शीला ओयामी सहित संकुल समन्वयक, शिक्षकगण, स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# जिले में उर्वरक और बीज का भंडारण लक्ष्यानुसार सुनिश्चित

## 11,552 किसानों ने समितियों से उठाव कर किया खेती में उपयोग

**कोरिया/मूक पत्रिका**






जिले की सहकारी समितियों में खरीफ सीजन की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शासन के लक्ष्यानुसार उर्वरक एवं बीज का पर्याप्त भंडारण किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, अब तक 11,552 किसानों ने समितियों से उर्वरक प्राप्त कर खेती में उपयोग किया है, वहीं बीज भंडारण भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, जिसका किसानों द्वारा निरंतर उठाव किया जा रहा है। गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष आज की तारीख तक उर्वरक भंडारण की मात्रा लगभग समान रही है।

**डीएपी की विकल्प के रूप में सुझाव–** जिले में कृषि विभाग ने किसानों के लिए उपयोगी विकल्प सुझाए हैं, जिससे कृषि कार्य बाधित न हो। डीएपी के स्थान पर किसान अन्य उर्वरक संयोजन का उपयोग कर सकते हैं, एनपीके 12:32:16, डीएपी 20:20:0:13 या 1.5 बोरी यूरिया + 2 बोरी सुपर फॉस्फेट विशेषज्ञों के अनुसार, इन संयोजनों से फसलों को आवश्यक पोषक तत्व प्राप्त होते हैं और उत्पादन प्रभावित नहीं होता।

कृषि वैज्ञानिकों द्वारा धान फसल के लिए फसल अवधि के अनुसार नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटाश और अन्य पोषक तत्वों की संतुलित सिफारिशी मात्रा निर्धारित की गई है, जिसे किसानों को अपनाने की सलाह दी गई है। जल्दी पकने वाली देशी किस्मों के लिए लगभग 24 किग्रा नाइट्रोजन, मध्यम अवधि (126ङ्क140 दिन) की किस्मों के लिए 40 किग्रा नाइट्रोजन, लंबी अवधि (141 दिन से अधिक) और संकर किस्मों के लिए इससे अधिक मात्रा सिफारिश की गई है। इन पोषक तत्वों को अलग- अलग खादों जैसे यूरिया, सुपर फॉस्फेट और एनपीके के माध्यम से संतुलित तरीके से देने की सलाह दी गई है।

**किसानों से अपील–** उप संचालक कृषि श्री राजेश भारती ने किसानों से आग्रह किया है कि वे केवल शासन द्वारा पंजीकृत सहकारी समितियों से ही उर्वरक व बीज की खरीदी करें और संबंधित संस्था से पक्की रसीद अवश्य प्राप्त करें।

# जनपद पंचायत सदस्य पवन कर्मा एकदिवसीय दौरे पर ग्राम पंचायत बिजाम पहुंचे, ग्राम सभा में हुए शामिल

**दन्तेवाड़ा/मूक पत्रिका**

जिले के गीदम विकासखण्ड अन्तर्गत जनपद सदस्य क्षेत्र पवन कुमार कर्मा बीते शनिवार को ग्राम पंचायत बिजाम मे ग्राम सभा कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे ग्राम सभा में समस्त ग्रामीण जन उपस्थित रहे , जिसमें शासन की योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा करते ग्राम पंचायत के विकास कार्य पंचायत के रोजगार गारंटी कार्य ,पंचायत के प्रधानमंत्री आवास योजना ,स्कूलों में शिक्षकों की व्यवस्था बच्चों को कैसे सिखाया जाए, ऐसे कई विषयों में चर्चा किया गया है। जनपद पंचायत सदस्य पवन कर्मा लगातार अपने जनपद पंचायत छेत्र के दौरे पर रहकर ग्राम पंचायत के समस्याएं को दूर करने की कोशिश करते हैं।इस ग्राम सभा अध्यक्ष बुधराम दादा, जनपद सदस्य पवन कुमार कर्मा, सरपंच महादेव नेताम, उप सरपंच नेताम, वार्ड पंच केशाव ,समूह कार्यकर्ता, समस्त अधिकारीगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



# संयुक्त पंचायत दंतेवाड़ा का अनिश्चितकालीन आंदोलन–एनएमडीसी भर्ती को लेकर

**यह आंदोलन चार सूत्री मांगों पर मुख्यत: आधारित है, - एमएमडीसी परियोजना के आरएस1 व आरएस 2 की पदों में स्थानीय युवाओं को सीधी भर्ती किया जाये । - आरएस 2 के लिए होने वाली परिक्षा सीबीटी के द्वारा न कराकर ओएमआर के माध्यम से कराया जाए । - सभी पदो के लिए परीक्षा केन्द्र दंतेवाड़ा जिले में ही किया जाए - एक अभ्यार्थी को दोनों परियोजना में फार्म डालने का अवसर दिया जाए**

**दन्तेवाड़ा/मूक पत्रिका**

छत्तीसगढ़ का एक ऐसा जिला जहाँ प्रकृति की गोद में बसे बैलाडिला की पहाड़ियों से पिछले 60 वर्षों से एनएमडीसी लौह अयस्क निकाल रहा है। 1965 से शुरू हुआ ये सफर आज देश विदेश में कच्चा लोहा पहुंचा रहा है। लेकिन सवाल यह है कि क्या इस विकास की कीमत स्थानीय आदिवासी और ग्रामीण चुका रहे हैं? लौह खनन से निकलने वाली लाल धूल ने दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा के सैकड़ों गांवों को प्रभावित किया है। हजारों एकड़ जमीन बंजर हो चुकी है। नदियां और नलकूप लाल पानी उगल रहे हैं। जिसके कारण मवेशी मर रहे हैं और ग्रामीण गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं। स्थानीय लोग आरोप लगाते हैं कि एनएमडीसी ने जल, जंगल और जमीन का सिर्फ दोहन किया है और बदले में उन्हें मिला है।

आज दूसरे दिन भी संयुक्त पंचायत दंतेवाड़ा संघ के बैनर तले हजारों बेरोजगार युवा सड़कों पर हैं। एनएमडीसी में आगामी दिनों में जो एल 1 एंड एल 2 में भर्ति प्रक्रिया में लिखित परीक्षा होने है उसको लेकर ग्रामीण विरोध कर रहे हैं। उन्होंने एनएमडीसी के काम को थप कर दिया है। लाखों का उत्पादन प्रभावित हो रहा है । एनएमडीसी परियोजना के किरन्दुल एवं बचेली में कर्मचारियों को चेक पोस्ट से आगे जाने से रोका जा रहा है।

गौरतलब है कि जिला प्रशासन द्वारा एनएमडीसी की दोनों प्रबंधनों की बैठक कई घण्टों हुई जिस में अंततः काई सकरआत्मक निष्कर्ष नहीं निकला ।




एनएमडीसी में आगामी दिनों में जो एल 1 एंड एल 2 की परीक्षा होने होगी उसको लेकर हम लोग विरोध कर रहे हैं। विरोध इस तरह के एनएमडीसी जो है हमेशा धोखा देता है, वो जब भी भर्तियां लेता है बाहर से ज्यादा लगता है और यहाँ के स्थानीय लोग कम लगते हैं। तो इस बार पूरे युवा जिले के और खासकर ये है की जो दंतेवाड़ा है, बीजापुर है, सुकमा है और खासकर के बीजापुर लाल पानी से प्रभावित है।

स्वाभाविक है की इन जिलों में ज्यादा जल, जंगल, जमीन और मिट्टी पानी इसकी क्षति होती है और खेत इससे क्षति होती है। संयुक्त पंचायत का विरोध इस चीज पे है और ये आंदोलन इस बार हम लोग अंतिम लड़ाई लड़ रहे हैं। उनका कहना है कि लाल पानी से उनके खेत नष्ट हो ही रहे और उस पानी से आसपास के बोरिंग का पानी भी दूशित हो रहा है जिससे पेय जल तथा घरेलू उपयोग में नहीं लाया जा सकता है । मवेशी जैसे गाय, बकरी, मुर्गी, बतख आदि पशुपक्षी मर रहे है। इस से जल, जंगल, जमीन को भी नुकसान है। लोह अयस्क उत्खनन से सैकड़ों एकड़ जमीन बर्बाद हो गया तथा आसपास की क्षेत्र में वायु प्रदूशन अत्याधिक हो गया है, सांस लेना भी मुश्किल हो गया है, इतना सब बरबादी होने पर भी स्थनीय प्रभावित ग्रामिणों की दरकिनार किया जा रहा है और बाहरी युवाओं को देश भर से रोजगार का अवसर मुहय्या कराया जा रहा है। सैकड़ों एकड़ जमीन बर्बाद और बंजर है तथा ग्रामिण बेरोजगार है इसके बावजूद यहाँ के युवाओं को ठगा जा रहा है। ये तभी संभव हो पाया पिछले जितनी भर्तियां हुई उसमें जब तक स्थानीय लोग या चेक पोस्ट में आके अपनी आवाज बुलंद नहीं किये तब तक एन एमडी सी अपने से कवि आज हमारी स्थानीय स्तर पे ये बात है कि यहाँ के जो प्रभावित पंचायत प्रभावित जिला।यहाँ के शत प्रतिशत बच्चों का और उसमें भी सभी लगभग प्रशिक्षित और आईटीआई से योग्यता रखते हुए अभ्यर्थी आवेदित हैं। उनको शत प्रतिशत स्थानीय लोगों की भर्ती स्थानीय से क्या है?

# दयानिधि धाकड़ बने बस्तर जिलाध्यक्ष एवं सुकमा बीजापुर से बनाये गये संभागीय उपाध्यक्ष



**बस्तर /मूक पत्रिका**

धाकड़ समाज बस्तर संभाग पंजीयन क्रमांक 1722के तहत साधारण सभा की संभागीय बैठक 25 जून को धाकड़ समाज कार्यालय कुच्चागुड़ा में सुरेन्द्र सिंह धाकड के अध्यक्षता मे सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सभा के मुख्य अथिति बस्तर सांसद महेश कश्यप ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा की आज युग में समाज हो या शासन संघ शक्ति से संचालित होता है।,साथ ही सांसद ने धाकड समाज बस्तर संभाग के लिए जगदलपुर मे भवन निर्माण हेतु सांसद निधि से पन्द्रह लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा किए एवं स्थान का चुनाव संभागीय पदाधीकारी के साथ मिलकर किया जायेगा।साधारण सभा के बैठक में जिला बीजापुर और जिला सुकमा और बस्तर जिला धाकड़ समाज के प्रमुख एवं स्वजाति बन्धुओं ने बढ़ चढ़ कर हिसा लिए।सभा के समापन तक मूसलाधार बारिश जारी रहा उसके बावजुद भी समाज के लोगों मे समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना ने उन्हे सभा तक खिंचकर ले आयी और अन्त तक बने रहे जो शुखद अनुभव है।धाकड़ समाज जिला बीजापुर पं.क्रमांक 1722 के अध्यक्ष एकन सिंह धाकड़ ने अपने उद्बोधन मे समाज को पं.क्र.1722 के महत्व को समझाते हुए संगठन से जुड़ने की अपिल की।सभा के बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये।

1)पंजीयन क्रमांक 1722के तहत धाकड समाज बस्तर संभाग को मजबुत करने के लिए सदस्यता अभियान पुरे संभाग में किया जायेगा।जिला बीजापुर से निगम्बर सिंह धाकड़,जिला सुकमा से हमीरगढ़ परगना के मांझी शशिभूषण सिंह धाकड़ को सर्वसम्मति से संभागीय उपाध्यक्ष चुना गया।

2)बस्तर जिला के विभिन्न क्षेत्र को और भी मजबुत करने व सदस्य संख्या बढ़ाने के लिए तथा सक्रिय रूप से जिला संगठन को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से दयानिधी धाकड ग्राम तुरपुरा को सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया।एवं पुर्व अध्यक्ष घनश्याम धाकड़ को संरक्षक नियुक्त किया गया।

### परगना माझियों का सम्मान

1)हमीरगढ़ परगना जिला सुकमा के मांझी शशिभूषण सिंह धाकड़,2)करेकोट परगना के मांझी मंगलु धाकड़ जी का मुख्य अथिति सांसद महोदय के हाथो सम्मान कराया गया।सन 1910 के भुमकाल विद्रोह में शहीद परिवारों का सम्मान

1)मिलाप वल्द घेनवा के नाति अजब सिंह धाकड, केशरपाल,1)घेनवा वल्द आशाराम के परिवार से जगत सिंह धाकड़, परचनपाल का स्वागत सासंद के हाथों सम्मानित कराया गया।

### संभागीय अध्यक्ष तरुण सिंह धाकड़ जी का उद्बोधन

संभागीय अध्यक्ष ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा की व्यक्तिगत सम्बन्ध और व्यक्तिगत मतभेद के आधार पर समाज नही चल सकता समाज किसी व्यक्ति विशेष का नही होता समाज मे।समाज लोकतांत्रिक प्रणाली से चलेगा जिसमे सबका समानाधिकार है अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता है। नकुल सिंह धाकड़ भैरमगढ़ ने अपने सम्बोधन मे कहा कि समाज संगठन मात्र जात भात करने के लिए नही बना है समाज की उन्नती के लिए बना है। समाज को शिक्षित करने शासन प्रशासन तक अपनी अधिकार व समाज की मांग करने के लिए बना है।निति नियम का परिपालन करने के लिए बना है।

# बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल 2 जुलाई से करेंगे अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल-ग्रामीण इलाकों में गहराया पेयजल संकट, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की लापरवाही पर तीखा रुख

**बस्तर/जगदलपुर /मूक पत्रिका**

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की अनदेखी, उदासीनता, लापरवाही एवं ढुलमुल प्रशासनिक कार्यशैली के कारण बस्तर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भीषण पेयजल संकट गहराता जा रहा है क्षेत्र में जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों में भारी अनियमितताएं, निर्माण कार्यों में गड़बड़ियाँ और गंभीर लापरवाही की शिकायतों के बावजूद विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है इस स्थिति को लेकर बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल अब आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं। *बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के बैनर तले विधायक बघेल 2 जुलाई 2025 से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठने जा रहे हैं उन्होंने स्पष्ट कहा है कि यदि शासन और संबंधित विभाग ने अब भी स्थिति को गंभीरता से नहीं लिया, तो यह आंदोलन जन आंदोलन का रूप लेगा।



*विधायक बघेल ने बताया कि उन्होंने राज्य स्तर से लेकर विभागीय अधिकारियों तक लगातार पत्राचार कर इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान आकर्षित कराया है सैकड़ों ग्रामीणों के साथ मिलकर ज्ञापन सौंपा गया, लेकिन इसके बावजूद विभाग की ओर से कोई सार्थक पहल नहीं की गई उन्होंने कहा कि विभाग की निष्क्रियता और उदासीन रवैये से ऐसा प्रतीत होता है कि उन्हें जनता की समस्या से कोई सरोकार नहीं है।

**जलजीवन मिशन में लापरवाही, सूखा प्रभावित ग्रामीण क्षेत्र प्यासा-** *ग्रामीण अंचलों में जल संकट गहराता जा रहा है, बावजूद इसके विभाग द्वारा बार-बार अवगत कराए जाने के बाद भी बोर खनन जैसी आवश्यक कार्रवाई नहीं की जा रही है जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल-जल पहुंचाने का जो वादा सरकार ने किया था, वह अब धरातल पर अधूरा और केवल कागजों तक सीमित नज़र आ रहा है विशेषकर सूखा प्रभावित क्षेत्रों में, जहां पानी की व्यवस्था सर्वाधिक जरूरी है, वहां भी जल स्रोत स्थापित न करना अत्यंत निंदनीय और चिंताजनक है इससे न केवल ग्रामीणों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है बल्कि स्वास्थ्य और आजीविका पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। *विधायक बघेल ने चेताया कि अगर ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट के स्थायी समाधान हेतु तुरंत ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह आंदोलन और भी व्यापक रूप धारण करेगा उन्होंने कहा ÷मैं पहले ही स्पष्ट कर चुका हूँ कि यदि समय रहते पेयजल संकट का निराकरण नहीं हुआ तो मुझे आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा अब विभाग की बेरुखी को देखते हुए अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल के लिए बाध्य होना पड़ा है÷। *यह भूख हड़ताल जनहित में एक निर्णायक कदम होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की होगी बस्तर की जनता के मौलिक अधिकार शुद्ध पेयजल के लिए यह संघर्ष अब रुकने वाला नहीं है।

# खाद्य मंत्री ने किया अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण, शाला प्रवेश उत्सव में हुए शामिल

**बच्चों की शिक्षा में अभिभावकों की भागीदारी जरूरीः खाद्य मंत्री दयालदास बघेल**

**बेमेतरा/मूक पत्रिका**

खाद्य मंत्री दयालदास बघेल बीते शनिवार को नवागढ़ विकासखंड के ग्राम बदनारा में आयोजित विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने नव प्रवेशी विद्यार्थियों को शिक्षा की नई यात्रा के लिए शुभकामनाएँ दीं और अपने प्रेरणादायक उद्बोधन से बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया। *कार्यक्रम के दौरान मंत्री बघेल ने बच्चों को पाठ्यपुस्तकें एवं गणवेश वितरित किए और मुंह मीठा कराकर उनका स्वागत किया। गुलाल और तिलक से बच्चों का पारंपरिक रूप से स्वागत कर शिक्षा की इस नई यात्रा की शुरुआत को उत्सव में बदला गया। उन्होंने विद्यालय में निर्मित एक अतिरिक्त कक्षा कक्ष का लोकार्पण भी किया। बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए । *अपने संबोधन में मंत्री बघेल ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की रीढ़ होती है। विद्यालय एक ऐसा मंदिर है जहाँ से बच्चों का संपूर्ण विकास आरंभ होता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु निरंतर प्रयासरत है। गणवेश, पाठ्यपुस्तक, मध्यान्ह भोजन, छात्रवृत्ति जैसी योजनाएँ इसी दिशा में मजबूत कड़ी हैं।

*मंत्री श्री बघेल ने कहा कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह बच्चों के सोचने-समझने और व्यवहार में बदलाव लाने वाली होनी चाहिए। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को पहचान कर उन्हें प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा, ÷हमारा प्रयास होना चाहिए कि गांव का हर बच्चा स्कूल आए, शिक्षा पाए और आत्मनिर्भर बने। *उन्होंने अभिभावकों से विशेष







अपील करते हुए कहा कि वे बच्चों की पढ़ाई में सक्रिय रुचि लें।

÷आप अपने बच्चों से रोज पूछें कि आज स्कूल में क्या सीखा? इससे बच्चे न केवल उत्साहित होंगे, बल्कि शिक्षक भी बेहतर शिक्षण के लिए प्रेरित होंगे।÷ उन्होंने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि शिक्षा के महत्व को समाज तक पहुँचाने का एक सशक्त माध्यम है।इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष खोर बाहरा साहू, अजय साहू, जिला शिक्षा अधिकारी सरपंच-पंचगण, शिक्षकगण, ग्रामीणजन और छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# शिक्षा सत्र में स्कूल भवनों, शौचालय में रनिंग वॉटर की व्यवस्था को प्राथमिकता से किया जाए पूरा- सांसद महेश कश्यप

**जिला बस्तर जगदलपुर विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक, अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का तीसरा चरण का शुभारंभ**

**जगदलपुर/मूक पत्रिका**

बस्तर सांसद महेश कश्यप ने कहा कि शिक्षा सत्र में स्कूल भवनों, शौचालय में रनिंग वॉटर की व्यवस्था को प्राथमिकता से पूरा किया जाए, इसके साथ ही आश्रम-छात्रावासों में साफ़ सफ़ाई की व्यवस्था, पेयजल की सुविधा और बच्चों को लगातार स्वास्थ्य जाँच किया जाना सुनिश्चित करें। सांसद कश्यप की उपस्थिति में शनिवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित किया गया । सांसद ने कहा कि जिले में जल जीवन मिशन योजना के तहत स्थापित की जा रही टंकी, पाइप लाइन और बोर खनन के कार्य को गुणवत्ता के साथ ही जल्द पूरा किया जाए।



उन्होंने कहा कि जिले अस्पतालों में चिकित्सक और नर्सिंग स्टाफ हमेशा उपलब्ध रहें ताकि मरीज़ों को तत्काल चिकित्सा सुविधा मिल सके। साथ ही महारानी और मेडिकल अस्पताल से रेफ़र सिर्फ शासकीय अस्पतालों के लिए किया जाए। बैठक में विधायक चित्रकोट विनायक गोयल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप, नगर निगम के सभापति प्रेम चंद देवांगन सहित समिति के सदस्य जनपदों के अध्यक्ष, सरपंच और कलेक्टर हरिस एस, सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन, सहायक कलेक्टर श्री विपिन दुबे सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में विधायक गोयल ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के क्रियान्वयन में हुई लापरवाही की जाँच कर कार्यवाही किया जाए। जनप्रतिनिधियों ने स्कूलों में बच्चों की क्षमता अधिक होने पर सीट बढ़ाने की बात कही और किसानों को समय से धान-मक्का का बीज वितरण करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने बीमा प्रकरणों का भी समय पर निराकरण करवाने पर जोर दिया । जनप्रतिनिधियों ने जल जीवन मिशन योजना के कार्य में विलंब के लिए संबंधित ठेकेदारों को नोटिस देकर कार्य को गुणवत्ता के साथ पूरा करवाने के लिए भी कहा । बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण-शहरी, सांसद आदर्श ग्राम योजना, स्वच्छ भारत मिशन के तहत ओडीएफप्लस मॉडल ग्राम, सामुदायिक शौचालय, सेग्रीगेशन शेड निर्माण, ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान, ग्राम पंचायत विकास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क विकास योजना, पी एम जन औषधि परियोजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, क्षय रोग उन्मूलन, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्री मैट्रिक-पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, ई-राष्ट्रीय कृषि बाजार, प्रधानमंत्री फ़सल बीमा योजना, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, समग्र शिक्षा, संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना, डिजिटल इंडिया के कार्य, भारत नेट, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, जल जीवन मिशन योजना, डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना जैसे केंद्र सरकार प्रमुख योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा किया गया । बैठक में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का तीसरा चरण के तहत 86 ग्राम पंचायत में शुभारंभ के तहत सांसद महेश कश्यप की उपस्थिति में प्रतीकात्मक रूप से धोबीगुड़ा, धनपूंजी, परपा और आमागुड़ा पंचायत के साथ एमओयू किया गया। जिले के 208 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र स्थापित किया जा रहा है ।

# निजी बस संचालकों को यात्रियों के साथ व्यवहार ठीक करने की दी समझाईश



**कांकेर/मूक पत्रिका**

प्राइवेट बस संचालकों की मनमानी और यात्रियों के साथ आये दिन होने वाली बदसलूकी और बेलागम रफ्तार के कारण होने वाले दुर्घटना को लेकर पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई के एलिसेला के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश सिन्हा के द्वारा दीपक सॉव यातायात प्रभारी कांकेर/ परिवहन विभाग कांकेर की उपस्थिति में सभी बस संचालकों की मीटिंग पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभा कक्ष में ली गई, जिसमें निम्न बिंदुओं पर निर्देश दिया गया-1. नक्सल पीड़ित परिवार के सदस्यों का जिसका बस पास बना है उनका सफ़र दौरान निर्धारित किराया से आधा किराया ली जावे, 2. सफ़र दौरान यात्रियों से दुर्व्यवहार नहीं करने समझाइए दी गई 3. निर्धारित गति सीमा के अंदर ही वाहन को चलाने निर्देशित किया गया, 4. बस स्टैंड कांकेर में लंबे समय से खड़ी बसों को तत्काल हटाने कहां गया, 5. सफ़र दौरान यात्रियों से निर्धारित किराया ली जावे तथा शहर में निर्धारित स्थान पर सवारी चढ़ाने एवं उतारने बताया गया, 6. शहर के अंदर प्रेशर हॉर्न का उपयोग नहीं करने समझाइए दी गई।

# किसानों की समस्याओं को लेकर शिवसेना का प्रदर्शन, सरकार को दी आंदोलन की चेतावनी

**कांकेर/मूक पत्रिका**

छत्तीसगढ़ में किसानों को समय पर खाद, बीज और कीटनाशक न मिलने की समस्या को लेकर शिवसेना द्वारा राज्यव्यापी आंदोलन की शुरुआत की गई है। इसी कड़ी में बीते शनिवार को दुर्गकोंदल ब्लॉक में शिवसेना कार्यकर्ताओं ने किसान सहकारी समिति के खाद विक्रय केंद्र के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि प्रदेश के किसानों को सहकारी समितियों के माध्यम से खाद, बीज और कीटनाशक उचित मात्रा में उपलब्ध नहीं हो रहे, जिससे किसान मजबूरन खुले बाजार से महंगे दामों पर इन्हें खरीदने को विवश हैं। इससे न केवल किसानों का आर्थिक शोषण हो रहा है, बल्कि खेती की




लागत भी बेतहाशा बढ़ गई है।शिवसेना दुर्गकोंदल इकाई ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि खाद-बीज की आपूर्ति व्यवस्था को तत्काल सुधारा जाए और किसानों को उचित मूल्य पर पर्याप्त मात्रा में आवश्यक सामग्री प्रदान की जाए। प्रदर्शन के दौरान शिवसेना नेताओं ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही इस विषय में ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो शिवसेना राज्यभर के किसानों को साथ लेकर व्यापक आंदोलन छेड़ेगी।

इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में किसान और शिवसेना कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा लेकिन किसानों की नाराजगी साफ तौर पर दिखाई दी।

**सीमा भ्रमण कर लिया संकल्प**

# वन सुरक्षा को लेकर ग्राम पंचायत सांवरा के ग्रामीणों ने दिखाई जागरूकता

**बस्तर/बकावंड/मूक पत्रिका**

ग्राम पंचायत सांवरा, विकासखंड बकावंड जिला बस्तर में बीते शनिवार को ग्रामीणों द्वारा वनों की सुरक्षा और संरक्षण को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में ग्रामीणों ने वनों के महत्व को समझते हुए इनके संरक्षण हेतु संकल्प लिया। बैठक में ग्राम पटेल मनिधर बघेल ने कहा कि ÷हम बस्तर वासी सदियों से प्रकृति पर निर्भर हैं। जंगल ही हमारा जीवन है, जिससे हमें लकड़ी, फल, जड़ी-





बूटी सहित कई उपयोगी सामग्री मिलती है। इसलिए हमें वनों की रक्षा करनी चाहिए और अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए।÷ बैठक के उपरांत ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से ग्राम पंचायत की सीमा का भ्रमण किया और यह जाना कि गांव की वन सीमाएं कहां तक फैली हुई हैं। इस पहल का उद्देश्य जंगलों पर हो रहे अतिक्रमण और कटाई पर निगरानी बनाए रखना है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सांवरा की सरपंच श्रीमती आसमती बघेल, जनपद सदस्य श्रीमती मंगलदेई बघेल, पटेल मनिधर बघेल, वरिष्ठ ग्रामीण गंगाराम कश्यप, कार्तिक कश्यप, शोभाराम कश्यप, सरादू बघेल, कमलोचन कश्यप सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। ग्रामीणों की यह पहल वनों के प्रति उनकी जागरूकता और संवेदनशीलता को दर्शाता है, जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय कदम माना जा रहा है।








स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आशिष कुमार कंठले द्वारा स्वामी डीबी कार्प लिमिटेड के लिए प्लाट नम्बर 40/44 इंडस्ट्रियल एरिया बीरगांव रोड, उरला, रायपुर से मुद्रित एवं वार्ड नंबर 18 बाजार पारा बेमेतरा पोस्ट व जिला बेमेतरा छ.ग. पिन कोड 491335 से प्रकाशित । संपादक आशिष कुमार कंठले समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार मो. नं. 7999238079, 7828658259, समस्त विवादों का निपटारा बेमेतरा न्यायालय होगा।